## एक नजर

### हाईस्कूल, इंटर के अंक पत्रों का वितरण आज से

**शाहजहांपुर।** डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के अंकपत्र उपलब्ध हो गए हैं, जिनका वितरण तीन जून को जीआईसी में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंकपत्र प्राप्त करने के लिए संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य का प्राधिकार पत्र अनिवार्य है।

### शास्त्री ,आचार्य की परीक्षाएं 9 जून से

**शाहजहांपुर।** श्री दैवी संपद ब्रह्मचर्य संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. करुणाशंकर तिवारी ने बताया कि शास्त्री,आचार्य की परीक्षाएं नौ जून से प्रारंभ हो रही है। उन्होंने बताया कि शास्त्री चतुर्थ सेमेस्टर एवं आचार्य द्वितीय व आचार्य चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ जून से 18 जून तक सुबह आठ बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक चलेंगी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं अपना प्रवेश पत्र आठ जून को महाविद्यालय से प्राप्त कर लें।

### मोबाइल देख रहे युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**रौसर कोठी।** रोड किनारे खड़े होकर मोबाइल देख रहे युवक को तीन लोगों ने पीट दिया। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गुवारी गांव में सड़क किनारे खड़े होकर मोबाइल देख रहे रामू को किसी बात पर अंकित जौहरी, सुघोद और अंकित के ससुर नाम पता अज्ञात ने पीट दिया। बचाने आई रामू की मां रामलली को भी तीनों ने जमकर मारा पीटा, जिसके चलते रामली का सिर फट गया, पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### एक दंपती का समझौता

**शाहजहांपुर।** पुलिस लाइन में स्थित महिला परामर्श केंद्र 8 पत्रावली की सुनवाई की गयी, जिसमें एक दंपती का समझौता हुआ। निगोही थाना क्षेत्र के एक दंपती की एक साल पूर्व शादी हुई थी। दोनों पति-पत्नी में कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों की आपस में वार्ता करायी गयी और दोनों एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया।

# पारा 38 डिग्री पार, बिजली की आंख-मिचौली से परेशानी

## उमस भरी गर्मी में बीमारी की बढ़ रही आशंका, रविवार रात चली ठंडी हवा, सुबह मौसम में बढ़ गई उमस

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** उमस भरी गर्मी के बीच सोमवार को पारा 38.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, वहीं बिजली की आंख मिचौली से लोगों परेशान होते रहे। घटते-बढ़ते तापमान के बीच बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है।

रविवार रात चली ठंडी हवा से लोग राहत महसूस कर रहे थे लेकिन सोमवार सुबह हल्के बादल छाए रहे और मौसम में उमस बढ़ गई। जिससे लोग पसीना से तरबतर नजर आ रहे थे, दोपहर में धूप खिलाने से तापमान में बढ़ोत्तरी हो गई। गन्ना शोध संस्थान के मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 38.2 और न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि रविवार के मुकाबले दो डिग्री सेल्सियस बढ़ा हुआ रिकॉर्ड किया गया। वातावरण में नमी 31 प्रतिशत है, हवा का प्रवाह पश्चिम की ओर से रहा। दिन में तापमान बढ़ा होने की वजह से गर्मी से लोग परेशान हो रहे थे, वहीं बिजली कटौती का खेल लोगों को और रूला रहा था। खिरनीबाग, कटिया टोला, तारीन बहादुरगंज, एमनजई जलालनगर आदि मोहल्लों में बिजली की आवाजाही बनी रही। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली कटौती से लोग परेशान हैं।



तेज धूप की वजह से सूनसान पड़ी खिरनीबाग चौराहा को जाने वाली सड़क।

पुवायां में सुबह 4:30 बजे से आठ बजे तक बिजली का गुल होना आम बात हो गई है, जब लोगों को रात की उमस भरी गर्मी से सुबह के तापमान में नमी होने की वजह से नींद आती है, तभी बिजली गुल हो जाती है, इससे कंक्रीट के मकानों में उमस बढ़ जाती है और लोगों को नीद खराब कर मकान के बाहर निकलकर या दरवाजे पर बैठना पड़ता है, या फिर छत पर टहलना पड़ता है। उमस भरी गर्मी की वजह से लोगों को जी मचलाने व पेट दर्द की शिकायतें भी बढ़ रही है। धूप से बचने के लिए ज्यादातर लोग सुबह 10 बजे तक सामान की खरीदारी कर ले रहे हैं,या फिर शाम पांच बजे के बाद खरीदारी करने के लिए निकले। जरूरत पड़ने पर लोगों को तेज धूप में भी निकलना पड़ा।

### शाम को हवा में ठंडक से मिली राहत

दिन में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे, देर शाम हवा का प्रवाह तेज हो गया, जिसमें ठंडक का अहसास हो रहा था, इससे लोगों ने राहत की सांस ली। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग शाम को घरों से बाहर निकले लेकिन धूप में गर्म हुए कंक्रीट के मकानों के अंदर उमस वाली गर्मी बनी हुई थी।

- घटते-बढ़ते तापमान से बढ़ रहा बीमारियों का खतरा

### आज सिटी पार्क उपकेंद्र से बाधित रहेगी बिजली

सिटी पार्क उपकेंद्र पर फीडर पैनल के सुदृढ़ीकरण और अनुरक्षण का कार्य तीन जून को किया जाना प्रस्तावित है, जिस कारण विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बाधित रहेगी।

# कंपनियों के फूड चेन डिलीवरी ब्यॉय के लाइसेंस अनिवार्य हों



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- फूड विभाग के खिलाफ कलेक्ट्रेट में व्यापारियों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन
- बोले व्यापारी, एक देश,एक कानून,एक अधिकारी,एक दफ्तर की नीति लागू हो

**अमृत विचारः** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से जुड़े व्यापारियों सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर फूड विभाग के खिलाफ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को सौंपा। इस दौरान व्यापारियों ने फूड विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा कि खेती में कीटनाशक व रासायनिक खाद डालने का मानक तय नहीं है, सिंचाई के लिए उपयोग होने वाला जल पूरी तरह से दूषित हो चुका है, परंतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक कोई बदलाव नहीं किया गया है, उन्होंने कहा सभी प्रकार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में रजिस्ट्रेशन के लिए 12 लाख तक के रिटर्न ओवर की सीमा तय की गई है परंतु 12 लाख की सीमा महंगाई के हिसाब से बहुत कम है, इसलिए 12 लाख टर्नओवर के स्थान पर 40 लाख वार्षिक टर्नओवर व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन की सीमा शुल्क रखी जाए, उन्होंने कहा खाद्य विभाग के अधिकारी आदि किसी खाद्य दुकान से सैंपलिंग करते हैं तो मौके पर ही टेस्टिंग लैब की जानकारी दुकानदार को दें।

महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जिससे न्याय निर्णय में समय लगता है। समय लगने से व्यापारी उत्पीड़न को बढ़ावा मिलता है तथा तकनीकी जानकारी न होने के कारण प्रशासनिक अधिकारी अधिकतम जुर्माना वसूल करना चाहते हैं वह वाद को गुण दोषों के आधार पर तय करने की इच्छा नहीं रखते। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (फूड एक्ट) के लिए पूर्णकालिक न्याय निर्णायक अधिकारी की नियुक्ति की जानी आवश्यक है, जिससे व्यापारी को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि पैकिंग के सामान में किसी भी प्रकार की कमी पाई जाने पर सिर्फ पैकिंग करने वाले फर्म या कम्पनी को ही दोषी माना जाए, होलसेलर व रिटेलर को दण्डित न किया जाये। सभी ऑनलाइन व फूड चेन सप्लाई डिलीवरी करने वाले व्यक्तियों के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों के अनुसार रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस बनवाए जाने के आदेश पारित किए जाए।

ऑनलाइन फूड सप्लाई चेन की सैम्पलिंग भी नियमानुसार की जाए, जिससे आम जनता को सही सामान मिलना सुनिश्चित हो सके। रिटर्न जमा करने पर पिछला मांगा जा रहा है, जुर्माना समाप्त करने के आदेश पारित किए जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय उपाध्यक्ष शशांक कौशिक, अनूप गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, सैयद अनवर मियां, अजय गुप्ता, चमन अहमद, कुणाल गुप्ता, आजम खान, मुकेश कश्यप, नफीस खान, दानिश, मयंक गुप्ता, नदीम खान, आसिफ कुरैशी, शकील अहमद, संजीव गुप्ता, गोपाल सक्सेना, निहाल गुप्ता आदि रहे।

# त्योहार पर नई परंपरा शुरू नहीं करने दी जाएगी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** सात जून को मनाई जाने वाली ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों और धर्मगुरुओं के साथ बैठक की।

डीएम ने ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। त्योहार को केवल परंपरागत और निर्धारित स्थलों पर ही मनाया जाएगा। उन्होंने 7, 8 और 9 मई को जलापूर्ति और बिजली आपूर्ति निर्बाध रखने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र को नगर क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को । कहा गया है। त्योहार के दिन चूना छिड़काव, नालियों की सफाई और कचरा निस्तारण को प्राथमिकता दी जाएगी। सामूहिक कुर्बानी स्थलों पर जल टैंकर और पर्याप्त कूड़ेदान रखे जाएंगे।





कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

- ईदगाह कमेटी और धर्मगुरुओं के साथ हुई कलेक्ट्रेट में बैठक

धर्मगुरुओं से अपील की गई है कि कुर्बानी के बाद का अपशिष्ट सड़कों या सार्वजनिक स्थलों पर न फेंका जाए। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ईदगाह, मस्जिदों और सामूहिक कार्यक्रम स्थलों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सामाजिक सौहार्द भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गैस रिसाव की बरेली एडी हेल्थ अपने स्तर से करेंगी जांच

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


- मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने जांच रिपोर्ट पहले ही एडी को भेज दी थी

**अमृत विचारः** राजकीय मेडिकल कॉलेज में हुए क्लोरीन गैस के रिसाव के मामले में बरेली मंडल की एडी डा साधना अग्रवाल अपने स्तर से भी जांच करेगी। जबकि मेडिकल कालेज प्रशासन ने अपनी जांच रिपोर्ट पहले एडी को भेज चुकी है।

बता दे कि एक सप्ताह पूर्व मेडिकल कालेज में शाम को ट्रामा सेंटर में गैस रिसाव होने के बाद आग की अफवाह की भगदड़ मच गयी थी। प्राचार्य डा राजेश कुमार ने फार्मेलिन का रिसाव बताया था। जिला प्रशासन और मेडिकल कॉलेज की तीन सदस्यीय टीम ने जांच की तो क्लोरीन गैस का रिसाव था।

कोतवाली पुलिस ने प्राचार्य की तहरीर यूपी आर्यन ठेका कंपनी के प्रतिनिधि मोहम्मद शबाब निवासी बरेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

जांच कमेटी ने चीफ फार्मासिस्ट और कबाड़ियों के बयान लिए थे। क्लोरीन का गैस सिलेंडर स्टोर में कई साल रखा था और सिलेंडर के नोजल के पास से हल्की सी गंध आ रही थी। कबाड़ी ने नोजल को कसने के बजाए खोल दिया था। जो ट्रामा सेंटर के एसी ने गैस को खीच लिया था। मेडिकल प्रशासन ने अपनी एक रिपोर्ट बरेली एडी हेल्थ को भेज दी थी। अब एडी डा साधना अग्रवाल अपने स्तर से जांच करेगी और फार्मासिस्ट व कबाड़ी के भी बयान लेगी।




### गाली देने का किया विरोध तो चाचा ने पीटा

**रौसर कोठी।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के चमकानी गाड़ीपुरा निवासी साहिल राठौर ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। साहिल ने बताया कि उसकी बहन घर पर नहा रही थी। मेरे चाचा ने घर पर नहाने का विरोध किया और गाली गलौज करने लगे। तब तक वह व उसकी मां भी आ गए। हम लोगों ने गाली देने से मना किया तो चाचा विमलेश ने मारपीट शुरू कर दी। जिसके चलते साहिल घायल हो गया।

# पुलिस के खिलाफ व्यापारियों का भड़का गुस्सा, एसपी को सौंपा ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- आदर्श व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष पर हमले की साधारण धाराओं में लिखी रिपोर्ट
- जलालाबाद में व्यापारी पर हमला करने वालों पर नहीं हुई कोई ठोस कार्रवाई

**अमृत विचारः** व्यापारियों के साथ मारपीट, लूटपाट की घटनाओं में स्थानीय पुलिस पर ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए आदर्श व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने एसपी राजेश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष पंकज सर्राफ के नेतृत्व में एसपी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि संगठन के जिला उपाध्यक्ष मोहल्ला हयातपुरा निवासी सईद खां के पुत्र दाउद खां व भांजे शाहिल खान के साथ रात करीब 9:45 बजे थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला बाडूजई द्वितीय में कुछ लोगों ने घात लगाकर हमला बोल दिया था, जिसमें दाउद और शाहिल को सिर व मुंह पर गंभीर चोटे आईं।व्यापारियों का आरोप है कि सदर बाजार पुलिस ने साधारण घटना की तहरीर लेकर साधारण धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।



एसपी राजेश द्विवेदी को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, आरोपी बेखौफ होकर घूम रहे हैं। दूसरी घटना जलालाबाद के किराना व्यापारी राहुल गुप्ता के साथ हुई। उनके ऊपर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया, पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसी तरह पुवायां में सौलर पैनल व बैटरी व्यापारी के साथ मारपीट व लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया लेकिन पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इससे व्यापारियों में भय की स्थिति बनी हुई है। ज्ञापन देने वालों में अनीस खान, जितेंद्र नाथ शुक्ला, ध्रुव सक्सेना, सचिन मिश्रा, अनवार खां, जसविंदर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।







# फूड एक्ट लाइसेंस न मिलने पर खत्म हो सजा का प्रावधान

**तिलहर , अमृत विचारः** खाद्य सुरक्षा अधिनियम की विसंगतियां एवं व्यापारियों की कई समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रविंद्र कुमार को सौंपा।

सोमवार को व्यापारी कार्यालय पर एकत्र हुए। नगर अध्यक्ष राजकमल राठौर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में फूड एक्ट का लाइसेंस नहीं मिलने पर सजा का प्रावधान खत्म किया जाए। संरक्षक अनुराग गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की दुकानों से सैंपल लेने के समय व्यापार मंडल के पदाधिकारी को अधिकारी साथ में रखें, जिससे कि व्यापारी का उत्पीड़न न हो सके।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन एवं फूड चेन सप्लाई की भी सैंपलिंग की जाए। इस दौरान गौरव गुप्ता, शिवम गुप्ता, वैभव उर्फ गोलू, केशव गुप्ता, ऋषभ राठौर, पंकज गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### धारदार हथियार से प्रहार कर किया घायल

**कलान अमृत विचारः** मोहल्ला शांति नगर निवासी रामवीर सक्सेना ने तहरीर देकर बताया कि वह रविवार रात घर के पास बैठा था , तभी पड़ोसी ने बिना वजह गालियां देना शुरु कर दिया। विरोध करने वह और उसके परिजन मारपीट पर आमादा हो गए, आवाज सुनकर उसका पुत्र सौरभ आया तो हमलावरों ने हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया। चीख सुनकर आई मां गोदावली एवं सोनी पत्नी दीपू को भी घायल कर दिया। बताया कि पुत्र सौरभ का बुरा हाल है, उसका परीक्षण कराया है।

# खाली प्लॉटों के मालिकों को नोटिस भेजें

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार और पार्षद रामबरन सिंह चंदेल के साथ वार्ड संख्या 8 ब्रिज विहार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था को बेहतर पाया।

नगर आयुक्त ने कहा कि सफाई व्यवस्था संतोषजनक है, लेकिन अभी भी कुछ कमियां हैं जिन्हें दूर किया जाएगा। खाली पड़े प्लाटों के मालिकों को नोटिस दिया जाए और उन्हें तत्काल अपनी जमीन की बाउंड्री करवाने या खुद सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं। खाली प्लाट किसी कीमत पर गंदे नहीं रहने दिए जाएंगे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने सफाई इंस्पेक्टर सुनील शाक्य को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था को और भी बेहतर रखने के लिए निरंतर प्रयास करें। सुनिश्चित करें कि सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई हो और कूड़ा-कचरा समय पर उठाया जाए।



वार्ड आठ का निरीक्षण करते नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

- नगर आयुक्त ने वार्ड आठ का किया निरीक्षण

कहा कि सेकंड शिफ्ट में सभी कर्मचारी उपस्थित रहें, लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सफाई इंस्पेक्टर सुनील शाक्य, सफाई नायक राजकुमार और वार्ड वासी उपस्थित रहे।




## एक नजर

### स्टेशन पर चाकू समेत पकड़ा गया

**शाहजहांपुर।** जीआरपी थाना के उप निरीक्षक रजनीश कुमार शुक्ला को सूचना मिली कि स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पश्चिम छोर की तरफ एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त उस्मान निवासी लखपेड़ा थाना मोहम्मदी जिला खीरी है।

### तमंचा समेत गिरफ्तार

**रोजा।** रोजा थाना क्षेत्र के गांव सिमरई निवासी अनूप वर्मा पर जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले संजय को पुलिस ने तमंचा व खोखा समेत लिंक रोड से गिरफ्तार कर लिया है।

# जांच के बाद हैंडओवर होगी सीवर लाइन

## नगर निगम को मिल रही कहीं-कहीं सीवर लाइन न बिछाए जाने की शिकायतें, वार्डों में जाकर कमेटी करेगी जांच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** हैंडओवर से पहले नगर निगम सीवर लाइन को लेकर आ रही शिकायतों की जांच करेगा। इसके लिए बाकायदा कमेटी बनाई जाएगी और वार्डों में जाकर जांच की जाएगी। एक से डेढ़ महीने की जांच के बाद अगर सब कुछ सही मिलता है तो सीवर लाइन को निगम अपने अधीन लेगा।

डीपीआर के अनुसार सीवर लाइन नहीं बिछाने की बात सामने आने की बात कही जा रही है। तमाम स्थानों पर सीवर लाइन बिछने से रह गई है। कई स्थानों पर कनेक्शन ही नहीं हो पाए हैं। अब जल निगम सीवर लाइन नगर निगम को ट्रांसफर करना चाहता है। जल निगम को जल्दी इसलिए है क्योंकि यह प्रोजेक्ट पहले ही काफी लेट हो चुका है। समय से हैंडओवर न होने पर जल संस्थान को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दूसरी ओर अगर डिफेक्ट प्रोजेक्ट नगर निगम को डिलीवर हो गया तो नगर निगम के लिए आफत बन जाएगा।



सीवर लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क, फाइल फोटो।

अधिकारियों के ने अनुसार कार्यदायी संस्था जल निगम की ओर से शहर में -सीवर लाइन बिछाने, घरों तक कनेक्शन देने के कार्य में शिथिलता बरती गई है। लगातार शिकायतें मिल रहीं हैं। इस आधार पर नगर आयुक्त ने शहर के वार्डों का भ्रमण किया, तो कई जगह कमियां मिली हैं। इसको ध्यान में रखकर नगर निगम के अधिकारियों की कमेटी बनाकर सीवर लाइन की परियोजना से आच्छादित सभी 30 वार्डों का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान सीवर से संबंधित सभी कार्यों की जांच होगी और कमियों को अंकित कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिसको कार्यदायी संस्था के समक्ष रखकर कमियों को दूर करवाया जाएगा। इसमें एक से डेढ़ माह का समय लगने की संभावना है।

- तमाम स्थानों पर कनेक्शन न दिए जाने की भी शिकायत
- डेढ़ महीने की जांच के बाद ही अपने अधीन सीवर लाइन लेगा निगम

### 2023 तक पूरा होना था कार्य

कार्यदायी संस्था जल निगम की ओर से सीवर लाइन बिछाने का कार्य वर्ष 2021 में शुरू करवाया गया। इसके लिए 248 करोड़ रुपये का टेंडर हुआ, यह कार्य जून 2023 तक पूरा कराया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अब कार्य पूरा हो चुका है, ऐसा दावा जल निगम कर रहा है।

कार्यदायी संस्था जल निगम की ओर से सीवर लाइन का कार्य पूरा होने के बाद नगर निगम को हस्तांतरित करने की फाइल सौंपी गई थी, लेकिन सीवर लाइन के कार्य में मिल रही खामियों के चलते नगर निगम ने फाइल को वापस कर दिया है और सुधार के लिए निर्देशित किया है। अब मिल रही शिकायतों की जांच के साथ ही सीवर लाइन व चैंबर की गुणवत्ता को भी परखा जाएगा। इसके लिए बारिश का इंतजार किया जा रहा है। बारिश के दौरान इनके ओवरफ्लो या क्षतिग्रस्त होने जैसी स्थिति सामने आ सकती है। इसको ध्यान में रखकर कार्यदायी संस्था को तैयारी रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

> मिल रही शिकायतों के चलते सीवर लाइन की जांच कराने का फैसला लिया गया है। जांच के बाद ही सीवर लाइन को नगर निगम अपने अधीन लेगा।
> – डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, नगर आयुक्त

> संकरी गलियों और नालों के किनारे स्थित घरों के लिए सीवर लाइन बिछाना मुश्किल है। कनेक्शन देने का काम ज्यादातर पूरा कर लिया गया है। कुछ स्थानों पर लोगों ने कनेक्शन लेने से मना कर दिया, जिसके चलते कनेक्शन नहीं दिए जा सके हैं।
> –कपिल एम सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम।

# नवजात बच्ची के माता-पिता पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 19 मई को बच्ची गड्ढे में जीवित मिली थी, लखनऊ न ले जाकर गड्ढे में डाल दिया था

**अमृत विचारः** निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय के सामने गड्ढे में जिंदा मिली नवजात बच्ची के मामले में चौक कोतवाली ने बच्ची के माता-पिता के खिलाफ हत्या के प्रयास आदि की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। डाक्टर ने बच्ची को सर्जरी के लिए लखनऊ रेफर कर दिया था। बच्ची को लखनऊ न ले जाकर बल्कि गड्ढे में डाल दिया था।

चौक कोतवाली के उप निरीक्षक महिपाल सिंह ने बताया कि 19 मई को दोपहर सूचना मिली थी कि एक नवजात बच्ची ककरा कला गर्रा नदी पुल के निकट निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय से सामने गड्ढे में कपड़े में लिपटी पड़ी है। नवजात बच्ची को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रभारी विनय शर्मा ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर बच्ची को अपनी सुपुर्दगी में ले लिया था। उप निरीक्षक को 30 मई को आदेश मिला, इस प्रकरण की जांच मेडिकल कालेज से करके अवगत कराए। बाल कल्याण समिति ने पत्र में अवगत कराया कि नवजात बच्ची की हत्या करने का प्रयास एक जघन्य प्रकृति का अपराध है और सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कार्रवाई की जाए।

नवजात बच्ची के माता-पिता की जानकारी मेडिकल कॉलेज से ली गई। जांच पाया गया कि 16 मई को प्रसव वार्ड के रजिस्टर में सदफ पत्नी असद निवासी गदियाना थाना सदर बाजार को प्रसव के लिए भर्ती कराया गयी थी। नवजात बच्ची का होंठ कटा हुआ था। महिला डाक्टर ने नवजात को लखनऊ सर्जरी के लिए रेफर कर दिया था। असद और उसकी पत्नी सदफ लखनऊ न ले जाकर कपड़े में लपेटकर गर्रा नदी पुल के किनारे गड्ढे में डाल आए थे।

# ससुराल आए युवक का जंगल में लटका मिला शव

संवाददाता, खुटार



घटनास्थल पर पहुंची मोहम्मदी खीरी की पुलिस। ● अमृत विचार



रोते बिलखते मृतक के परिजन।



मृतक कमलजीत।

- 29 मई को कुंभिया माफी गांव अपनी ससुराल आया था युवक
- ससुर ने एक जून को दी थी गुमशुदगी की तहरीर

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव कुंभिया माफी में ससुर के साथ ससुराल आया युवक लापता हो गया। दो दिन तलाश के बाद जब युवक का कोई पता नहीं चला, तो ससुर ने गुमशुदगी की तहरीर दी। सोमवार को युवक की तलाश कर रहे सुसुराली जनों के साथ ग्रामीणों को उसका शव जंगल में पेड़ पर रस्सी से लटका मिला।

जिला लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव भंगेली निवासी सियाराम ने बताया कि उसके पुत्र कमलजीत (35) की शादी 2011 में गांव कुंभिया माफी निवासी रामकुमार की बेटी लक्ष्मी देवी के साथ हुई थी। उसके एक पुत्री आरुषि (6), एक पुत्र अमन 9 माह का है। कमलजीत के ससुर रामकुमार उसके पास के गांव रसूलपुर गए थे। तभी 29 मई को उनके साथ बाइक से अपनी ससुराल आया था। रामकुमार ने बताया कि ससुराल आने के बाद वह कहीं चला गया। देर रात तक वापस न आने पर सभी लोग उसकी तलाश करने लगे। दो दिन तक उसका कोई सुराग नहीं लगा। तब रामकुमार ने रविवार को गुमशुदगी की तहरीर खुटार थाने में दी।

सोमवार कुंभिया माफी के पास खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के महेशपुर रेंज के मुकुन्दापुर जंगल में तलाश के दौरान कमलजीत का शव पेड़ की डाल पर रस्सी से लटका हुआ मिला। शव के कुछ दूरी पर उसकी बाइक भी खड़ी थी। शव पूरी तरह से क्षत विक्षत हो चुका था और दुर्गंध आ रही थी।

कमलजीत के शव मिलने की सूचना पर उसकी ससुराल व घर में कोहराम मच गया। रोते बिलखते उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी सहित परिजन व ससुरालीजनों मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची मोहम्मदी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर खुटार आरके रावत ने बताया कि खीरी की पुलिस उक्त प्रकरण में जांच कर कार्रवाई करेगी।

# सांड़ के हमले में महिला का पेट फटा हालत गंभीर

**जलालाबाद, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव धीयरा में रविवार शाम सांड़ के हमले में महिला घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में नगरिया सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गांव धीयरा निवासी शांति देवी पत्नी पातीराम रविवार शाम खेत में चारा काटने गई थी, तभी एक छुट्टा सांड़ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। सींगों से हुए हमले में शांति देवी का पेट फट गया। जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें नगरिया सरकारी अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में छुट्टा सांड़ों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की गई है।

# बंडा : मां का आया भावी दामाद पर दिल, बेटी ने ही करा दी शादी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- महिला ने महानगर में अपनी लड़की के लिए देखा था लड़का
- बेटी की शादी की बात करने के दौरान हुआ होने वाले दामाद से प्यार

**अमृत विचारः** बेटी के लिए पसंद किए 23 साल छोटे लड़के से विधवा महिला को प्यार हो गया। दोनों की फोन पर बातें होने लगीं। जानकारी होने पर बेटी अपनी शादी से पीछे हट गई और उसने मां और अपने होने वाले पति की शादी को मंजूरी दे दी। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली। प्रकरण तब सबसे सामने आया, जब मंदिर में शादी कर महिला शनिवार को पति के साथ अपने घर पहुंच गई।

जिले में एक अनोखा मामला सामने आया है। बेटी के लिए रिश्ता तय करने गई मां (45) को ही होने वाले दामाद (22) से प्यार हो गया। मामला बंडा क्षेत्र का है। 45 वर्षीय महिला के पति का तीन साल पहले निधन हो गया था। महिला के तीन बेटे और 20 वर्षीय एक बेटी है। वह अपनी बेटी के लिए रिश्ता देख रही है। इसी दौरान उसने महानगर के एक मोहल्ले में लड़का देखा।

महिला ने होने वाले दामाद का मोबाइल नंबर ले लिया और दोनों में बात होने लगी। दोनों के बीच लगातार हो रही बातचीत प्यार में बदल गई। धीरे-धीरे महिला की बेटी समझ गई कि मां और उसके होने वाले दामाद के बीच क्या खिचड़ी पक रही है। पूछने पर मां ने बेटी को पूरी बात बता दी। विरोध करने की बजाय बेटी ने मां का साथ दिया।

वह अपनी शादी से पीछे हट गई और उसने मां से कहा कि आप शादी कर लो। मेरी अभी उम्र है, मेरी शादी आगे चलकर हो जाएगी। बेटी की सहमति के बाद दोनों ने मंदिर में शादी कर ली। सोमवार को जब महिला अपने नए पति को गांव लेकर पहुंची, तब इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। यह शादी अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। हालांकि एसओ बंडा ने प्रकरण की जानकारी होने से इनकार किया है।

# चलती ट्रेन से युवक खंभे से टकराया, मौत

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर



यही खंभा हादसे का सबब बन गया।



मृतक संतोष कुमार।

- रोजा में पांच लाइन पर खंभा हादसे का बना सबब, कई यात्री गिर चुके है

**अमृत विचारः** रोजा रेलवे स्टेशन पर सद्भावना एक्सप्रेस में दरवाजे पर लटक कर सफर कर रहे एक यात्री का सिर रेल लाइन के खंभे से टकरा गया, जिससे यात्री ट्रेन से नीचे गिर गया। उसकी मौत हो गयी। यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन करीब 10 मिनट बाद शाहजहांपुर के लिए रवाना हुई।

सुल्तानपुर जिले के थाना कुड़ेवार के गांव चक्खेरन निवासी 24 वर्षीय संतोष कुमार का सुल्तानपुर में बाइक सर्विस सेंटर है। रविवार की रात साढ़े 9 बजे वह अपने साथियों के साथ सुल्तानपुर-आनंद विहार से दिल्ली जा रहा था। उसे बाइक के कुछ पार्ट्स खरीदने थे। वह ट्रेन के एक कोच के दरवाजे पर खड़ा था। ट्रेन रोजा रेलवे स्टेशन से पांच नंबर प्लेटफार्म से रन थ्रू निकल रही थी। प्लेटफार्म के शाहजहांपुर दिशा की तरफ से रेल लाइन के किनारे एक खंभा लगा हुआ है। संतोष कुमार इसी खंभे से टकरा गया और चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। उसकी मौके मौत हो गयी। उसके साथियों ने ट्रेन की चेन पुलिंग कर दी। लोको पायलट ने कंट्रोल और रोजा स्टेशन मास्टर को सूचना दी। रोजा की आरपीएफ और जीआरपी चौकी के सिपाही मौके पर पहुंचे और शव को रेल लाइन से हटाया।

रेल कर्मचारियों ने बताया कि प्लेटफार्म पांच पर रेलवे लाइन का खंभा काफी पुराना है, जबकि इस खंभे का कोई प्रयोग नहीं होता है। रेल पटरी से कुछ दूरी पर खंभा है। इस खंभे से कई लोग टकराकर घायल हो चुके है। संबंधित विभाग ने इस खंभे को हटाने की जरूरत नहीं समझी है।

जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके साथियों ने परिवार वालों को सूचना कर दी है। जीआरपी प्रभारी रेहान अली ने बताया कि एक यात्री सफर के दौरान खंभे से टकराकर नीचे गिर गया और मौत हो गयी।

# सप्तक्रांति के एसी कोच से नकदी व जेवर की चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- त्रिवेणी में पर्स खोलकर सोने के झाले और चेन उड़ाई, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** ट्रेनों में चोरी की वारदातें थम नहीं रही है। दो ट्रेनों में चोरों ने महिला का पर्स चुरा लिया। चोरों ने पर्स में नगदी समेत हजारों रुपये के जेवर चोरी कर लिए है। जीआरपी थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

चंडीगढ़ के सेक्टर 41-बी निवासी मुख्तार प्रसाद ने बताया कि 3 मई को ट्रेन संख्या 12557 सप्तक्रांति एक्सप्रेस में परिवार के साथ एसी कोच में सफर कर रहा था। वह मोतिहारी स्टेशन से आनंद विहार जा रहे थे। ट्रेन रात में शाहजहांपुर स्टेशन पर पहुंची। उनकी पत्नी का किसी ने पर्स चोरी कर लिया। पर्स में दो एटीएम कार्ड, दो मोबाइल, एक सोने की चेन, एक घड़ी, दो आधार कार्ड, 13 हजार रुपये थे। उन्होंने पर्स को बर्थ के नीचे तलाश किया और नहीं मिला।

पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। निगोही थाना क्षेत्र के गांव घुसगवां निवासी ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने बताया कि वह परिवार के साथ लखनऊ में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। 30 मई को लखनऊ से शाहजहांपुर आने के लिए त्रिवेणी एक्सप्रेस में चारबाग स्टेशन पर सवार हुआ। ट्रेन में किसी ने उसकी पत्नी विद्यारानी का पर्स की चेन खोलकर सोने की चेन, सोने का पैंडल, सोने के झाले चुरा लिए है। उन्होंने यहां जीआरपी थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक रेहान अली ने बताया कि दोनों घटनाओं की विवेचना की जा रही है।

# अफीम समेत दो गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कटरा प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल को रविवार की दोपहर बाद सूचना मिली कि पडेनिया पुलिया के पास मादक पदार्थ तस्कर खड़े है। पुलिस ने दोनों तस्करों को दबोच लिया।

पकड़े गए तस्कर विकास मिश्रा निवासी कुलआबोझ थाना जैतीपुर व अनिल कुमार निवासी कचरा खगई थाना मुसाझाग जिला बदायूं है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 850 ग्राम अफीम और एक बाइक बरामद की है। दोनों अभियुक्तों पर पहले से विभिन्न धाराओं के मुकदमे दर्ज है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि अफीम बदायूं से लेकर आए थे और बरेली किसी को देने जा रहे थे। अफीम पहुंचाने का पैसा मिलता है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। टीम में महिला उप निरीक्षक सुश्री अंशु आदि थे।

# तेज रफ्तार कार ओवर ब्रिज के नीचे घुसी, एक की मौत

संवाददाता, खुटार

- गंभीर रूप से घायल चालक को शाहजहांपुर के लिए किया गया रेफर

**अमृत विचारः** तेज रफ्तार से जा रही एक कार ओवर ब्रिज के नीचे घुस गई। जिससे कार में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें गाड़ी की खिड़की तोड़कर निकालकर सीएचसी खुटार पहुंचाया गया। जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि चालक को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव बऊआ में रहने वाले अरविंद कुमार( 30) पुत्र हंसराम ने नई गाड़ी खरीदी थी। सोमवार को वह गाड़ी की सर्विस कराने खुटार आए हुए थे। शाम सात बजे वह गाड़ी की सर्विस कराकर बिचपुरी निवासी राहुल (24) पुत्र शिवपाल के साथ वापस जा रहे थे। तभी गाड़ी खुटार पुवायां रोड पर ओवर ब्रिज के नीचे घुस गई। जिससे दोनों गाड़ी के अंदर फस गए।

हादसे की सूचना मिलते ही हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के अध्यक्ष अवनीश मिश्र मौके पर पहुंच गए और उन्होंने साथियों की मदद से राहुल और अरविंद को गंभीर अवस्था में बाहर निकाल कर सीएचसी खुटार पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने अरविंद कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि राहुल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही दोनों के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं।

# पुवायां में गिरोह सक्रिय, 10 दिन में 5 बैटरियां चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** पुवायां के नाहिल क्षेत्र में चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है। दस दिन में चोर गिरोह के सदस्य पांच बैटरी चोरी कर ले जा चुके हैं। पुलिस चोरों के गिरोह को पकड़ नहीं पा रही है।

गांव महुरेना के पास कर्नल अभय सिंह के झाले में 25 मई को खेत में तारों में करंट प्रवाहित करने के लिए लगाई बैटरी को चोर ले गए। पास में ही ठुर्रा फार्म निवासी बाज सिंह ने बताया कि 27 मई को चोरों ने उनके खेत के पास खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ली। इलरहा गांव निवासी आवेश्वर यादव के खेत में रखीं दो बैटरियों को चोरी कर ले गए। गांव गुलौली निवासी सतनाम सिंह के खेत में बोरिंग के पाइप में लोहे का ढक्कन कसा था, जिसे चोर चोरी कर लिए। दस दिन के अंदर हुईं इन चोरी की घटनाओं के बाद किसान डरे हुए हैं, चोरी गई एक बैटरी की कीमत लगभग 10 हजार रुपये है।

### चोर गिरफ्तार, बैटरी बरामद की

**पुवायां।** चालक को शराब पिलाकर बेहोशी के बाद उसके ई-रिक्शा की बैटरी करने के आरोपी खुटार के मोहल्ला कोट निवासी विनय को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया, पुलिस ने उसकी निशानदेही पर ई रिक्शा की चार बैटरी भी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपी ने रविवार को गांव पुरैना निवासी सुमित को शराब पिलाई, जब वह बेहोश हो गया तो उसके ई रिक्शा को ले जाकर उसकी बैटरी चोरी कर ली थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज लेकर छानबीन की तो युवक की पहचान होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

दुर्घटना

**निगोही, तिलहर और अल्हागंज क्षेत्र में हुआ हादसा, कथा वाचक भंडारा खाकर रात में बाइक से गुलाम खेड़ा अपने गांव आ रहे थे**

# अलग- अलग हादसों में कथा वाचक समेत तीन लोगों की मौत, 18 घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने कथा वाचक समेत तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को उपचार के बाद छुट्टी कर दी गयी। निगोही, तिलहर और मिर्जापुर क्षेत्र में हादसा हुआ है।

**निगोहीः** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव रामपुर नवदिया निवासी 45 वर्षीय हरिभान गांव के ही अपने दोस्त संजीव गुप्ता, नीरज रस्तोगी, कृष्णा रस्तोगी, प्रिंस रस्तोगी आराधना रस्तोगी, वंश गुप्ता के साथ रविवार की रात नौ बजे शहर में लगी नुमाइश देखने के लिए कार से आ रहे थे। निगोही थाना क्षेत्र में मधवामई-सतवां गांव के बीच ट्रैक्टर-ट्राली ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार सभी लोग घायल हो गए थे। निगोही पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को कार का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला।

पुलिस ने घायलों से सीएचसी पर भेजा यहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर किया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग गया। मृतक की पत्नी रचना और दो बेटों को रो-रोकर बुराहाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**अल्हागंजः** थाना क्षेत्र के गांव विसरा निवासी 23 वर्षीय श्रीकांत रविवार को ढुकरीकला गांव में रिश्तेदारी में गए थे। उनके बुआ के बेटे गोपाल निवासी दोषपुर थाना मिर्जापुर की रविवार की शाम बरात थी। रविवार की शाम श्रीकांत ढुकरीकला से दोषपुर बरात में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे।

अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव ततियारी गांव के सामने कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार श्रीकांत घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी पर भेज दिया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक कार लेकर भाग गया। उसकी मां का नाम रानी देवी है। उसकी शादी नहीं हुई थी। दो भाइयों में बड़ा था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

**तिलहरः** थाना क्षेत्र के गांव गुलाम खेड़ा निवासी 60 वर्षीय प्रेमबाबू कथा वाचक है। 29 मई को भेदपुर गांव में भण्डारा था। कथा वाचक रात में नौ बजे भण्डारा खाकर बाइक से अपने गांव गुलाम खेड़ा आ रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए।



मृतक प्रेम बाबू।



मृतक हरिभान।



मृतक श्रीकांत।

- घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उपचार किया गया

परिवार वाले उनको लेकर बरेली के एक अस्पताल में ले गए। परिवार वाले उनकी छुट्टी कराके बरेली से यहां मेडिकल कालेज ले आए। जहां इलाज के दौरान रात में प्रेमबाबू की मौत हो गयी। उनकी पत्नी का निधन हो चुका है और चार बच्चे है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऑटो पलटने से महिला समेत चार घायल

**कलान, अमृत विचार :** मुरादाबाद फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर सोमवार शाम करीब 3 :30 बजे सेठा गांव के पास ऑटो का पहिया अचानक निकल गया, जिससे ऑटो पलट गया और उसमें सवार कलान थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया छवि का मजरा पुन्नी नगला निवासी ओवेंद्र की पत्नी सबूरबती (32), पुत्री वंदना (5), पुत्र दिलकश (4) एवं सीताराम (35) निवासी जखिया घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान भेजा गया, वही जखिया निवासी सीताराम की हालत गंभीर होने पर उन्हें बदायूं रेफर कर दिया गया। ऑटो में सवार लोग म्याऊ बदायूं जा रहे थे।

### कार और टैंपो की टक्कर में सात घायल

**सिंधौली, अमृत विचार :** पुवायां राष्ट्रीय राजमार्ग पर कन्हऊ चक गांव के सामने कार ने टैंपो को टक्कर मार दी, टक्कर लगने के बाद कार सड़क के किनारे खाई में जाकर पलट गयी। टैंपो और कार में सवार सात लोग घायल हो गए। सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे कार शहर से पुवायां की ओर जा रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कन्हऊ चक गांव के सामने कार ने सामने से टैंपो को टक्कर मार दी, जिससे कार सड़क के किनारे खाई में जाकर पलट गयी। टैंपो में सवार पीलीभीत जिले के बीसलपुर निवासी मनोज कुमार, तारावती, सुनीता देवी, कमला देवी और कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। कार में सवार घायल रिलायंस के लोग है। राहगीरों ने सभी घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। परिवार वाले आए और घायलों को अपने साथ ले गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना पर कोई जानकारी नहीं है और पता करवा रहा हूं।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बवासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

## जहरखुरान गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत सदर बाजार पुलिस ने जहरखुरानी गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 1050 रुपये बरामद किए है। सदर बाजार थाना के उप निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 11 मार्च को अतुल कुमार निवासी नवादा अशरफपुर थाना सिंधौली ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रोडवेज बस अड्डे पर दो अज्ञात लोगों ने नशीला बिस्कुट खिलाकर नगदी आदि सामान चुरा लिया था। पुलिस ने 9 मई को एक जहरखुरान गिरोह के सदस्य महिपाल निवासी सिंधौली को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था। पुलिस ने एक आरोपी नाजिम निवासी खिरिया पाठक थाना सिंधौली को ग्वालटोली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 1050 रुपये बरामद किए है।

# अब तीसरी आंख करेगी गोशाला की निगरानी

## गांव बिलैया स्थित गोशाला की बदली सूरत, पेयजल व्यवस्था को लगवाया सोलर पंप, गो पालकों को सुविधा

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** गोशाला में पेयजल व्यवस्था समेत अन्य तमाम विसंगतियों की शिकायतें मिलने पर एसडीएम ने खड़े होकर गोशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और वहां सोलर पंप और सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इसके अलावा कई अन्य व्यवस्थाओं में सुधार कराया।

क्षेत्र के गांव बिलैया में आवारा गोवंशों के लिए ग्रामनिधि से संचालित गोशाला है। जिसकी देखरेख ग्राम समाज से जुड़े प्रतिनिधि और कर्मचारी करते हैं। पिछले दिनों लगातार एसडीएम चित्रा निर्वाल को गोशाला में फैली विसंगतियों की शिकायत मिल रही थी। शिकायत के अनुसार गोशाला में गोवंशों की पेयजल व्यवस्था के


गोशाला में गोवंश को सोलर पंप की सहायता से नहलाता गोपालक। ● अमृत विचार


गोशाला में लगाया सीसीटीवी कैमरा।

लिए एक मात्र हैंडपंप था जिसे चलाकर गोपालक को दिन में दो बार लगभग साठ गोवंशों को पानी पिलाना पड़ता था। जो बहुत कठिन कार्य था। इसके अलावा वहां बिजली की कोई व्यवस्था नहीं थी, हरा चारा भी सही ढंग से नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में पशुओं की मौत होने की भी सूचनाएं आ रही थीं। इन सबके अलावा यहां कई गड्ढे खोदे गए थे, जिनमें मृत पशुओं को डाल दिया जाता था। कभी कभी इन्हें ढका तक नहीं जाता था।

इन कमियों की शिकायत मिलने पर एसडीएम चित्रा निर्वाल ने गोशाला की जांच करवाई। जांच में भी कमियों की बात सामने आई। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान गोशाला में खंड विकास अधिकारी को फोन कर व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही सोलर पैनल व बोरिंग में मोटर डलवाकर गोवंशों के पेयजल व्यवस्था करवाई। इसके अलावा उन्होंने खड़े होकर दो मूविंग सीसीटीवी कैमरे लगवाए, जो लगातार गोशाला की निगरानी करेंगे। हरा चारा व भूसा का भी उचित इंतजाम करवाया गया। ताकि यहां रहने वाले पशुओं को परेशानी न हो। अब गोशाला मूविंग सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि पशुओं की देखभाल अच्छी तरह से होगी। पशुओं को कोई परेशानी नहीं होगी। इसके अलावा सोलर पंप लगने से पानी पिलाने के लिए गो पालकों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। वह आसानी से सोलर पंप चलाकर कभी भी गोवंशों को पानी पिला सकते हैं। अब संभावना जताई जा रही है कि पशुओं की मौत होने की शिकायतें यहां से नहीं आएंगी।

## समाचार पत्र वितरक के पिता का निधन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला कटिया टोला निवासी समाचार वितरक के पिता सियाराम सैनी (80) का बीमारी के चलते सोमवार दिन में 3 :20 बजे जिला अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। सियाराम सैनी भी पहले समाचार पत्र वितरक थे लेकिन कई माह से बीमार होने की वजह से इन दिनों समाचार वितरण नहीं कर रहे थे। सोमवार सुबह अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां दिन में 3 :20 बजे इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर बेटे संजय सैनी, मंजेश, पत्नी अनुराधा सैनी उर्फ पूजा, हनी, नैतिक, आदी, अवनी और मंजेश की पत्नी जूली का रो-रोकर बुरा हाल है।


सियाराम सैनी।

## पीटीओ ने अज्ञात चालक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **लोहे की सरिया लेकर धमकाने का मामला, पुलिस चालक की कर रही तलाश**

**अमृत विचार:** यात्री कर अधिकारी को लोहे की सरिया लेकर धमकाने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में तिलहर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।


लखनऊ के मोहल्ला मंसूरनगर निवासी एआरटीओ में यात्री कर अधिकारी मोहम्मद आरिफ खान ने तिलहर थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 31 मई को राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुरिया स्कूल से आगे पेट्रोल पंप के पास शाम 6 बजे ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कर रहा था। उन्होंने एक ट्रक को रोका और चालक से कांटा की पर्ची मांगी। आरोप है कि चालक अपने हाथ में लोहे की सरिया लेकर आया और यात्री कर अधिकारी हमलावर हुआ। आरोप है कि चालक उनको गालियां देने लगा। यात्री कर अधिकारी ने गाली देने से मना किया। चालक ने लोहे की सरिया से उनके ऊपर हमला करने का प्रयास किया और सरकारी कार्य में बाधा डाली।

ट्रक का वाहन स्वामी मोहम्मद अनवार निवासी फतेहपुर खास जिला मुरादाबाद है। मालिक से चालक का नाम पता मालूम हो जाएगा। इस घटना की वीडियो भी बनाई गयी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## डंडा मारकर महिला हेल्प डेस्क का शीशा तोड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर जीआरपी थाना में स्थित महिला हेल्प डेस्क का मंद बुद्धि की महिला से डंडा मारकर शीशा तोड़ दिया। इस दौरान प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गयी। जीआरपी ने महिला को स्टेशन परिसर से बाहर कर दिया।

थाना परिसर में महिला हेल्प डेस्क पर सोमवार की दोपहर साढ़े 12 बजे यात्री प्लेटफार्म एक पर त्रिवेणी एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान एक मंद बुद्धि की महिला जीआरपी थाना के सामने आकर खड़ी हो गयी। महिला कुछ अनाप शनाप बोलने लगी। सिपाही ने उसे भगाने का प्रयास किया। इस दौरान महिला ने महिला हेल्प डेस्क को एक शीशा डंडा मारकर तोड़ दिया। इस दौरान यात्रियों ने अफरा-तफरी मच गयी। सिपाहियों ने महिला को स्टेशन परिसर से बाहर कर दिया।


नायब तहसीलदार मनु माथुर को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

## छुट्टा पशुओं की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**तिलहर, अमृत विचार:** छुट्टा पशुओं से हो रही दिक्कतों को लेकर किसानों ने भारतीय कृषक दल के नेतृत्व में तहसील में धरना दिया। उन्होंने समस्या से निजात दिलाने के लिए एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नए तहसीलदार मनु माथुर को दिया।

सोमवार को दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक के नेतृत्व में किसान शहीद कुटी पर एकत्र हुए। प्रमोद यादव ने कहा कि आवारा पशु से सबसे अधिक किसान परेशान हैं। क्योंकि पशु उसकी फसल को नष्ट करने का काम कर रहे हैं। इसी के साथ आवारा पशुओं से हाईवे पर सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, जिससे लोगों की जान जाने के साथ पशुओं की भी जान जा रही है। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान कराया जाए नहीं तो 25 जून से अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

## बंद घर से जेवर व नकदी समेत दस लाख का सामान ले गए चोर

● **घर में ताला डालकर धार्मिक कार्यक्रम में गये थे निखिल**

**जलालाबाद, अमृत विचार:** बंद घर को निशाना बनाते हुए चोर नगदी और जेवर समेत लगभग दस लाख रुपये का सामान समेट ले गए।

मोहल्ला सुभाष नगर रामलीला मैदान के पास रहने वाले निखिल गुप्ता पुत्र महेश चंद्र गुप्ता अपने परिवार के साथ रविवार को खुदागंज की धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। सोमवार को करीब दस बजे जलालाबाद घर पर वापस लौटे तो घर अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ दिखाई दिया। सीढ़ियों पर नजर पड़ी, गेट टूटा हुआ पड़ा था। जिसे देखकर सभी के होश उड़ गए। घर के कमरों को देखा तो पता चला कि चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। जलालाबाद थाने में तहरीर देकर उन्होंने बताया कि चोरों ने घर से करीब पांच लाख रुपए और सोने के गहने चोरी किए हैं। जेवर में एक हार, चार चूड़ी, दो नथनी, एक जोड़ी झाले सहित सोने की करीब दस चीजें शामिल हैं।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

थाना प्रभारी राजीव कुमार तोमर ने बताया कि प्रथम दृष्टया से चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस पड़ताल कर रही है। बहुत जल्द सच्चाई सामने आएगी।

## हादसे में घायल युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव रौलीबौरी निवासी निखिल कुमार 27 मई को हरदोई के थाना पाली ससुराल गया था। 28 की रात को बाइक से उसे टक्कर मार दी थी, उसकी मौत हो गई है।

## कोर्ट के आदेश के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं

**कलान, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव निवासी गैंगरेप पीड़िता ने बताया कि वह चार मार्च की शाम पांच बजे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर कौमी गांव को जाने के लिए खड़ी थी, तभी एक इनोवा गाड़ी आई और उसमें पीडिता को खींचकर डाल ले गए। उसके साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना को ढाई माह बीतने के बाद भी जब उसकी कलान पुलिस ने नहीं सुनी तो वह 13 मई को मजबूरन अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय अभिषेक कुमार प्रथम के समक्ष पेश हुई और उसने अपनी पीडा को लिखित रूप से बताया। जिस पर न्यायालय द्वारा आदेश किया गया कि कलान पुलिस दो सप्ताह के अंदर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू करे लेकिन न्यायालय के आदेश के बाद भी पुलिस ने पुलिस ने अभी तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया है जिस कारण पीड़िता थाने के चक्कर काट कर परेशान है। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी से की है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## किसान की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**पुवायां, अमृत विचार:** जमीन पर कब्जे की शिकायत पर राजस्व व पुलिस टीम ने मौके पर जाकर पैमाइश कर भूमि को कब्जा मुक्त कर वास्तविक स्वामी को जमीन पर कब्जा दिला दिया।

क्षेत्र के गांव पकड़िया मल्लपुर निवासी गूदेपाल ने अपनी भूमि पर कब्जे की शिकायत अधिकारियों से की थी। कहा था कि गांव में उसकी दो एकड़ जमीन है, जिसमें से दो वीघा जमीन पर अवैध कब्जा है। इसके बाद सोमवार को एसडीएम चित्रा निर्वाल के निर्देश पर नायब तहसीलदार पंकज सिंह राजस्व व पुलिस टीम के साथ गांव पकड़िया मल्लपुर पहुंचे। जहां गांव निवासी गूदेपाल की जमीन पर कब्जा दिलाने को भूमि की पैमाइश कराई गई। किसान की दो बीघा जमीन कम थी। राजस्व टीम ने जमीनों की पैमाइश कर किसान को उसकी भूमि पर कब्जा दिलाया। अधिकारियों ने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए फाइल डीएम को भेजी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### कपड़े के थैले बांटे, प्रयोग करने की अपील की



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पर्यावरण दिवस से पहले नगर निगम व बैंक ऑफ़ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। जिसमें नगर आयुक्त व बैंक ऑफ़ बड़ौदा के अधिकारियों व कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से जनता को प्लास्टिक न प्रयोग करने का आवाहन किया। साथ ही बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ओर से निर्मित कराये गये कपड़े के बैग को जनता को वितरित किये गए। इस कार्यक्रम में नगर आयुक्त बिपिन कुमार मिश्र, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा मुख्य सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित, सैफ़ सिद्दीकी के अतिरिक्त बैंक ऑफ़ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय के प्रबंधक व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधान ने बच्चों को बांटी खेल सामग्री



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर के ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने ग्राम के सभी बच्चों को खेल सामग्री बांटी और कहा कि सभी बच्चों पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। खेल खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और अगर शरीर हमेशा स्वस्थ रहेगा तो हम सभी बीमारी से भी हमेशा दूर रहेंगे। ग्राम प्रधान ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में सभी बच्चों के लिए मिनी स्टेडियम भी बनाया गया है और ग्राम में ही झूलों की भी व्यवस्था है। जिस पर ग्राम के सभी बच्चे निशुल्क झूला झूल सकें। खेल सामग्री प्रकार ग्राम के सभी बच्चों ने अपने प्रधान को धन्यवाद दिया। इस मौके पर ग्राम के निवासी श्रीकांत दीक्षित, सतीश कुमार, लड्डन अली, अनुज मिश्रा, यशपाल सिंह, सूरज गुप्ता, मनीष गुप्ता, आयुष, बेटाराम आदि रहे।

### शाहजहांपुर में रक्त बैंक को लेकर उपमुख्यमंत्री से हुई चर्चा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव डॉ विजय जौहरी ने संस्था के सभापति, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास पर रविवार देर शाम रेड क्रॉस की एक अनौपचारिक बैठक में प्रतिभाग किया। जिला सचिव ने शाहजहांपुर में प्रस्तावित रक्त बैंक एवं रेड क्रॉस की संपति पर उप मुख्यमंत्री से चर्चा की, उन्होंने रेड क्रॉस के कार्यालय एवं जनपद स्तर पर रेड क्रॉस द्वारा की गई गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी ली।



### सोसायटी ने दी राहत की मिठास और हरियाली का संदेश



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ज्येष्ठ की गर्मी की तपिश से राहत देने और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मानवता वेलफेयर सोसायटी ने सोमवार को चिनौर तिराहा पर बड़ी संख्या में राहगीरों को शरबत पिलाया और साथ ही विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे वितरित किए। लोगों से अपील की, कि एक पौधा अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए अवश्य लगाएं, ताकि एक हरा-भरा और स्वच्छ वातावरण उन्हें उपहार स्वरूप दे सकें। यह भी आग्रह किया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें। आयोजन में जिला युवा अधिकारी माय भारत मयंक भदौरिया ने राहगीरों को पौधे वितरित किए। कार्यक्रम में रिया शुक्ला, रागिनी, नीरा, अंकिता, अनुराधा, मो. शादान, ईशा शगुन, दिव्यांशी, आकाश, मौसम, प्रतीक्षा, अभिषेक, शुभम, प्रेम, सावंत आदि का का सक्रिय सहयोग रहा।

### आईआईटी में अवि ने हासिल की 821वीं रैंक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गार्डेन कॉलोनी नवादा इंदेपुर निवासी अवि अग्रवाल ने आईआईटी-जेईई एडवांस परीक्षा में 821 ऑल इंडिया रैंक हासिल कर ली है। पिछले दो वर्षों से इस परीक्षा की तैयारी वह कोटा राजस्थान से कर रहे थे। देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग के आईआईटी एवं एनआईटी संस्थानों में दाखिले के लिए यह एग्जाम आयोजित किया जाता है। जिसमें देश के लगभग 15 लाख स्टूडेंट्स हर साल परीक्षा देते हैं। अमित अग्रवाल एवं वीना अग्रवाल के बेटे अवि अग्रवाल का सपना विश्व रैंकिंग में 118 वे नंबर पर आने वाले आईआईटी बॉम्बे से इंजीनियर बनना हैं।



## शहर में आज

- स्कूलों को हाईस्कूल व इंटर की अंकतालिकों का वितरण सुबह 10 बजे।
- पुरानी चुंगी स्थित दुर्गा देवी मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ शाम 6 बजे।

## एक नजर

### 13 तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे वकील

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन की बैठक अधिवक्ता एवं एल्डर कमेटी के सदस्य संजीव कुमार सिंह एवं बार अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भीषण गर्मी एवं बिजली कटौती के कारण वादकारियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए दो से 13 जून तक बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेगें। इसके अलावा तहसीलदार बिल्सी के स्थानांतरण तक उनके न्यायालय का बहिष्कार जारी रहेगा। इस मौके पर कई वकील मौजूद रहे।

### डोडा छिलका के साथ युवक गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान लालपुल से सुंदर नगर मार्ग पर एक युवक को रोका। उसके पास से पांच किलो डोडा छिलका बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव मेरी निवासी हरदेव बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके उसे जेल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है।

### शादी में झगड़ा, लड़की पक्ष ने दूल्हे की लगाई पिटाई

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज क्षेत्र के एक गांव में बारात में लड़का-लड़की पक्ष में झगड़ा हो गया। पुलिस दोनों पक्ष को थाने ले गई। समझौता होने के बाद वह लौट गए। फेरों के दौरान फिर से दोनों पक्ष में झगड़ा शुरू हो गया। लड़की पक्ष ने दूल्हे की पिटाई लगा दी। लड़का पक्ष के लोग सोमवार सुबह छह बजे थाने पहुंचे और हंगामा किया। लड़की पक्ष ने शादी करने से मना किया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### आपदा श्रेणी में किया शामिल, अब तक सांड़, सांप और अग्नि में हुई मौत पर मिलती है मृतकों के परिजनों को सहायता राशि

# सियार-लोमड़ी और मधुमक्खी के हमला में हुई मौत तो मिलेगी सहायता राशि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राज्य आपदा श्रेणी का दायरा बढ़ गया है। अब सियार, लोमड़ी और मधुमक्खी के हमले में अगर किसी की मृत्यु होती है तो उसे भी आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी। अब तक यह सहायता प्राकृतिक आपदाओं के अलावा सांड़ और सांप के काटने पर मिलती आ रही है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक जिले के 237 लोगों को आपदा के तहत आर्थिक सहायता दी गई है। सियार, लोमड़ी और मधुमक्खी के हमले में हुई मौत को आपदा श्रेणी में शामिल किए जाने का पत्र मिलने के बाद एडीएम ने सभी एसडीओ को इससे अवगत करा दिया है।


सियार।


मधुमक्खी।


लोमड़ी।

अभी तक राज्य आपदा की श्रेणी में बेमौसम बरसात, बिजली गिरने, आंधी-तूफान, लू का प्रकोप, पानी में डूबकर, नील गाय और सांड़ से मौत, बोरवेल, गैस रिसाव, सीवर सफाई, सांप के काटने के अलावा नाव दुर्घटना आदि में होने वाली मौतें शामिल थीं। अब सियार, लोमड़ी और मधुमक्खी के हमले में होने वाली मौत को आपदा की श्रेणी में शामिल किया गया है। एडीएम ने बताया कि पिछले दिनों राज्य आपदा मोचक निधि की होने वाली बैठक में प्राकृतिक आपदा की श्रेणी को विस्तार दिया गया। जिले में इस वित्तीय वर्ष के दौरान प्राकृतिक आपदा के तहत 237 लोगों को लाभ दिया गया है। आपदा पीड़ितों में 8 लाख 40 हजार 856 धनराशि दी गई है। इनमें एक परिवार को सांड़ के हमले में मौत होने पर और दो परिवारों को जनहानि तथा पशु हानि होने पर आर्थिक सहायता दी गई है। प्राकृतिक आपदा या किसी जानवर के हमले में मौत होने पर पीड़ित को पांच लाख की आर्थिक सहायता मिलती है।

- पत्र मिलने के बाद एडीएम ने सभी एसडीओ को कराया अवगत

**पीएम रिपोर्ट में पुष्टि अनिवार्य**

राज्य आपदा श्रेणी का विस्तार हुआ है। इसमें सियार, लोमड़ी और मधुमक्खी में होने वाली मौत को भी श्रेणी में शामिल किया गया है। एडीएम ने बताया कि इस प्रकार की आपदा से मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि होना अनिवार्य होगा। साथ ही, जिलाधिकारी कार्यालय और संबंधित उप-जिलाधिकारी को भी इसकी तत्काल सूचना देनी होगी। उसके बाद ही लाभ मिल सकेगा।

> आपदा श्रेणी का दायरा बढ़ाए जाने संबंधी निर्देश मिल चुके हैं। गाइड लाइन आनी शेष है। गाइड लाइन आने के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा।
> – **डॉ वैभव शर्मा**, एडीएम वित्त एवं राजस्व

### चांदवराई के जंगल में नहीं मिला तेंदुआ

**बदायूं, अमृत विचार :** उसहैत क्षेत्र के गांव चांदवराई में तेंदुआ जैसे दिखने वाले जंगली जानवर ने एक बैल और दो नीलगाय को निवाला बनाया। इसके बाद तेंदुए होने का भय बना हुआ है। वन विभाग की टीम गांव के जंगल में कांबिंग कर रही है। ग्रामीणों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया है। टीम ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ हाथ नहीं आया।

गांव चांदवराई निवासी प्रेम सिंह के एक बैल को शनिवार की रात किसी जंगली जानवर ने निवाला बना लिया। प्रेम सिंह ने कहा कि रात को आहट होने पर जब वह जागा तो तेंदुए बैल को खा रहा था। अलापुर थाना पुलिस ने भी रात को गांव के बाहर खोजबीन की मगर कहीं कुछ नहीं मिला।

# ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापित कर विकास को रफ्तार देगी आधी आबादी

### उप्र ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग 100 उद्यम सखियों की करेगा नियुक्ति

प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार :** घरों में चौका चूल्हा करने वाली महिलाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास चल रहे हैं। अब आधी आबादी को और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। गांवों में सूक्ष्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए उप्र ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग में उद्यम सखियों की नियुक्ति होगी। विभाग 100 महिलाओं को उद्यम सखी बनाएगा। इनकी तैनाती क्लस्टर आधारित होगी। एक कलस्टर में चार उद्यम सखी को रखा जाएगा। इसके एवज में उन्हें 2800 रुपये मानदेय देय होगा। उद्यम सखी नियुक्त के लिए आजीविका मिशन विभाग की ओर से कवायद शुरू कर दी गई है।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग ने योजना संचालित होने से अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में 20 हजार स्वयं सहायता समूह का गठन किया है। इनमें करीब ढाई लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। करीब 10 हजार से अधिक महिला आजीविका मिशन विभाग से जुड़कर अपना रोजगार कर रही हैं। उनकी आमदनी में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दो हजार से अधिक महिलाएं, बैंक मित्र, कृषि सखी सहित अन्य पदों पर रहते हुए कार्य कर रही हैं। महिलाओं की कार्यक्षमता को और बढ़ाने के लिए उद्यम सखी के रूप में तैनात किया जाएगा। जिले में 100 उद्यमी सखी नियुक्त करने का लक्ष्य विभाग को मिला है। प्रत्येक क्लस्टर पर चार उद्यमी सखी नियुक्त होंगी। उद्यम सखियां महिलाओं को सरकारी योजनाओं, उद्यमिता के लाभ और सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम के तहत मिलने वाले अवसरों की जानकारी देंगी। साथ ही सामाजिक एवं आर्थिक अड़चन दूर करा कर सूक्ष्म उद्योग स्थापित कराने में सहयोग करेंगी। एक उद्यम सखी को 2800 रुपये मानदेय दिया जाएगा। लक्ष्य मिलने के बाद उनकी नियुक्त की कवायद विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है।

- महिलाओं का क्लस्टर बनाकर उद्यम सखियों की होगी नियुक्ति
- एक कलस्टर पर चार महिलाओं को उद्यम सखी किया जाएगा नामित

**उद्यम सखी सूक्ष्म उद्योग लगाने को करेंगी प्रेरित**

एनआरएलएम उपायुक्त ने बताया कि महिलाओं को उद्यम सखी नियुक्त करने के पीछे उद्देश्य हैं कि सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देना है। उद्यम सखी वस्त्र, खाद्य उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन, रिपेयर सेवाएं, ब्यूटी पार्लर, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी फार्मिंग, पोल्ट्री कीपिंग व पारंपरिक उत्पाद व्यवसाय के लिए प्रेरित करेंगी।

**मजबूत होगी आर्थिक स्थिति**

एनआरएलएम उपायुक्त ने बताया कि उद्यम सखियों की नियुक्ति का फायदा एक लाख से अधिक ग्रामीण महिलाओं को मिलेगा। इसका वह लाभ उठा सकती हैं। महिलाओं के व्यवसाय करने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। अन्य लोगों को भी काम मिलने से गरीबी उन्मूलन की रफ्तार तेज होने से गांवों में खुशहाली आएगी।

> उद्यम सखी नियुक्त की जानी हैं। 100 उद्यम सखियां नियुक्त होंगी। लक्ष्य मिल चुका है। इनकी नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
> – **बृजेश कुमार शुक्ला**, उपायुक्त स्वता रोजगार आजीविका मिशन

### जर्जर पोल नहीं बदला, गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या एक में मुख्य सड़क पर कस्सार बस्ती के निकट लगा जर्जर पोल बिजली विभाग की टीम ने अभी तक नहीं बदला है। इससे यहां कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। इसको लेकर सोमवार को लोगों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही शीघ्र उक्त पोल को बदले जाने की मांग की है।

सोनू यादव ने बताया बीते दिन किसी अज्ञात वाहन ने बिजली पोल में टक्कर मार दी थी। इससे पोल टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया। जर्जर पोल कभी भी गिर सकता है। इस कारण यहां कोई भी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने बताया इस समस्या को लेकर मोहल्ले के लोगों ने विभाग के कर्मचारियों से शिकायत की है। मगर अभी तक बिजली का पोल नहीं बदल गया है। जिससे गुस्साए लोगों ने विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर शीघ्र पोल बदलवाए जाने की मांग की है। भूरे कस्सार, गोविंद, संतोष राजपूत, अजय कुमार, डाल सिंह, सोनू यादव, करतार सिंह, राहुल आदि प्रमुख है।

# बिजली घर पर किसानों ने किया हंगामा, की नारेबाजी

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** विद्युत कटौती से परेशान सैकड़ों किसानों ने सोमवार को बिजली उपकेंद्र पर हंगामा करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया तो पूरे इलाके के किसान धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

क्षेत्र में बिजली की समस्या काफी दिनों से बनी हुई है। देहात की सप्लाई तीन चार दिन से नहीं आ रही है। इस समस्या से परेशान सैकड़ों किसान बिजली घर पर पहुंच गए। बिजली घर पर हंगामा करते हुए किसानों ने कहा कि पूरे क्षेत्र में बिजली कटौती हो रही है। इसके साथ ही ओवरलोडिंग की समस्या बनी है। रात को बिजली कर्मचारी सप्लाई बंद कर देते हैं जिससे गांवों में लोगों को भारी नुकसान होता है। फसलें भी सूख रही हैं। अधिवक्ताओं ने भी बिजली समस्या की अधिकारियों से की है। कोई सुनने को तैयार नहीं है। कादरचौक बिजली घर पर अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान बिजली घर पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

- बिजली नहीं मिलने से सूख रहीं फसलें, किसानों ने दी धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी



> बिजली न आने से बहुत परेशानी हो रही है। फसलें सूख रही हैं। मोबाइल चार्जिंग की कोई सुविधा नहीं है। बच्चे गर्मी में परेशान हैं। विभाग के अधिकारी कर्मचारी सुनने को तैयार नहीं हैं।
> – **इंद्रेश कुमार**, गांव गंगापुर खाम



> कादरचौक कस्बे में बिजली की दिक्कत है। 24 घंटे बिजली गायब रहती है। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। बिजली घर पर फोन करने पर अधिकारी फोन भी नहीं उठाते हैं।
> – **उमेश गुप्ता**, गांव लभारी

# छह अवर अभियंताओं के किए ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने पिछले माह संविदाकर्मियों की छंटनी की। इसके विरोध में प्रदर्शन करने वालों पर गाज गिरी है। उझानी खंड के सभी छह अवर अभियंताओं के ट्रांसफर कर दिए हैं। इस कार्रवाई को लेकर विभाग में खलबली मची हुई है। संभावना है कि अभी कुछ और कर्मचारियों पर गाज गिर सकती है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने पिछले महीने 55 वर्ष पूरे करने वाले संविदाकर्मियों को हटाने का फैसला लिया था। इस फैसले के विरोध में प्रदेश के हर जिले में विरोध प्रदर्शन किए गए। मई माह के अंतिम सप्ताह में करीब पांच दिन तक संविदाकर्मियों ने कार्य बंद रखा। उझानी खंड के चार अवर अभियंताओं ने मुख्य अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार को कार्यालय में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया था। सूचना जब जिला प्रशासन को मिली तो अधिकारियों के निर्देश पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। संविदाकर्मियों की छंटनी की जद में बदायूं के 273 संविदाकर्मी आए। जिले के सभी बिजली घरों पर कार्य बंद कर धरना प्रदर्शन किए गए। क्षेत्रीय लोगों को बिजली नहीं मिलने से परेशानी होने लगी। इससे जिले की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। आंधी में टूटी लाइन दो दो दिन में ठीक नहीं हो सकी। इससे हाहाकार मच गया। पावर कारपोरेशन ने संविदाकर्मियों को आश्वासन दिया कि मामले पर फिर से विचार किया जाएगा। इसके बाद संविदाकर्मी काम पर लौट गए।

इधर मुख्य अधीक्षण अभियंता ने इस मामले की रिपोर्ट पावर कारपोरेशन के चेयरमैन और मुख्य अभियंता हाइडिल को भेज दी। साथ ही उझानी के सभी छह अवर अभियंताओं के ट्रांसफर करने की संस्तुति भी कर दी। इस पर सोमवार को कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियंता हाइडिल ने उझानी के सभी छह अवर अभियंताओं के ट्रांसफर पूर्वांचल में कर दिए। इस कार्रवाई से विभाग में खलबली मची हुई है। जिन अवर अभियंताओं के ट्रांसफर किए गए हैं। वह सभी कोर्ट जाने का मन बना रहे हैं। विभागीय सूत्रों की माने तो ट्रांसफर किए जाने से उनमें और रोष पनप गया है।

- संविदाकर्मियों की छंटनी के विरोध में धरना-प्रदर्शन करने पर गिरी गाज

> जिन कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व किया था उन पर गाज गिरी है। उन सभी के ट्रांसफर कर दिए गए हैं। अभी कुछ और कर्मचारियों पर कार्रवाई होने की संभावना है। यदि कर्मचारी अनैतिक रूप से आंदोलन करेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> – **अखिलेश कुमार**, मुख्य अधीक्षण अभियंता

### नेशनल स्टूडेंट्स एनवायरमेंट प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण शुरू

**बिल्सी, अमृत विचार :** अरिहंत वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में तहसील रोड स्थित नारायण ग्रीन हाउस में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नेशनल स्टूडेंट्स एनवायरमेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पर्यावरण संरक्षण की थीम पर स्पीच कम्पटीशन व नुक्कड नाटक आयोजित किए जाएंगे।

प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा नौ से 12 एवं स्नातक के बच्चे हिस्सा ले सकेंगे। समिति के संस्थापक प्रशान्त जैन ने बताया कि जिस किसी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में हिस्सा लेना है वह तीन जून तक अपना नाम अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य अथवा समिति के कार्यक्रम प्रभारी देव ठाकुर अथवा समिति संस्थापक प्रशान्त जैन से संपर्क कर अपना नाम लिख सकते हैं।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत दो लोग घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव खिरिया पतौरा के पास दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को भर्ती कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गांव खिरिया बाकरपुर निवासी अनुज यादव (27) रविवार देर शाम अपने चचेरे भाई धर्मवीर उर्फ कल्लू के साथ रिश्तेदारी में दावत खाने के लिए बाइक से जा रहे थे। गांव खिरिया पतौरा के पास सामने से तेज रफ्तार से आई बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। अनुज यादव की मौके पर मौत हो गई जबकि धर्मवीर और दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तीनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने अनुज को मृत घोषित कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कार्यदायी संस्था को तेजी से कार्य करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** डीएम अवनीश राय ने सोमवार को शहर और कस्बा उझानी में डाली जा रही पेयजल पाइप लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य कर रही कार्यदायी संस्था को तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए कहा।


डीएम अवनीश राय ने शहर के जलकल कैंपस के पास व उझानी में काशीराम कॉलोनी के नजदीक कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। शहर में कोलतार से बने रोड, घरों में कराए जा रहे पानी के कनेक्शन व ओवरहेड टैंक के कार्यों को भी देखा। उझानी में उझानी में ओवरहेड टैंक के कार्यों, हाइड्रो टेस्टिंग, रोड रेस्टोरेशन के कार्यों का तथा घरों में कराई जा रहे पानी के कनेक्शन को भी चेक किए। डीएम ने पाइप लाइन बिछाने के लिए किए सड़क पर किए गड्ढों को ठीक प्रकार से भरा गया है अथवा नहीं यह भी देखा।



शहर में डाली जा रही पेयजल की पाइप लाइन का निरीक्षण करते डीएम।

- जिला अधिकारी ने पेयजल पाइप लाइन का किया निरीक्षण

पेयजल पुनर्गठन योजना के तहत शहर में 41 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से कार्य कराए जा रहे हैं। इसमें तीन ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जा रहा है। 90.77 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई जा रही है। कार्य दिसंबर माह तक पूरा किया जाना है। वहीं उझानी में 30 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से कार्य कराए जा रहे हैं। उझानी कस्बे में दो ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जा रहा है। 81 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इस कार्य को मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाना है। दोनों परियोजनाओं में अब तक 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय कपिल सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial
PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।
Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)
Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।
Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।
नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।
पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH
नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।
Singh Clinic TM
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist
रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

# छह माह से एक भी सर्जन नहीं, रेफर किए जा रहे मरीज

## बाल रोग विशेषज्ञ भी नहीं, बच्चों को नहीं मिल रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** करीब 25 लाख की आबादी वाले जिला अस्पताल में छह माह से सर्जन नहीं है। इस कारण अस्पताल आने वाले मरीजों को बाहर रेफर किया जाता है। दो साल से बाल रोग विशेषज्ञ न होने से बीमार बच्चों का इलाज नहीं हो रहा है। बीमार बच्चे निजी अस्पतालों में जाने के लिए मजबूर है। व्यवस्था के नाम पर केवल ढोल पीटा जा रहा है। सुविधाएं नहीं मिलने से शासन की योजनाओं का लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है।

सरकार द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के लिए करोड़ो रुपयये हर माह खर्च किया जा रहे है। अस्पताल में कई नए कार्य भी शुरू हुए हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि जिला अस्पताल में एक भी सर्जन नहीं है। सर्जरी कराने वाले मरीजों को दूसरे जनपदों को भेजा जा रहा है। यहां पर सर्जन के दो पद हैं, जो दोना रिक्त हैं। यहां पर पिछले साल तक डॉ. अमित कुमार गुप्ता सर्जन थे, जो जनवरी में नौकरी से त्यागपत्र देकर चले गए। एक पद पहले से खाली था। डॉ. अमित गुप्ता के जाने के बाद से दोनों पद रिक्त हैं। अस्पताल प्रशासन की ओर से बताया गया कि सर्जन की मांग कई बार स्वास्थ्य निदेशक से की गई। जूम मीटिंग में सर्जन न होने की बात रखी गई। ऊपर से आश्वासन तो दिया गया, लेकिन सर्जन नहीं मिला। सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को वापस लौटना पड़ता है।


जिला अस्पताल स्थित सीएमएस कार्यालय

- जिला अस्पताल में पद खाली शासन को कई बार लिखे पत्र
- निजी अस्पतालों में इलाज कराना मरीजों की बनी मजबूरी

### बाल रोग विशेषज्ञ के दोनों पद खाली

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में दो साल से बच्चों के डॉक्टर नहीं हैं। 2023 में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुकुमार अग्रवाल सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद से बाल रोग विशेषज्ञ नहीं है। 2023 में जुलाई में यहां पर शाहजहांपुर के जिला अस्पताल से बाल रोग विशेषज्ञ ट्रांसफर होकर आए थे। वह यहां पर ज्वाइन कर गए। इसके बाद लौट कर नहीं आए। जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ के दो पद हैं। जो दोनों पद दो साल से खाली हैं। जिला अस्पताल में हर दिन सैकड़ों बीमार बच्चे हर दिन आते हैं। उन्हें देखने वाला कोई नहीं है। डॉक्टर न होने से बीमार बच्चों को लौटना पड़ता है। सरकारी डॉक्टर न होने से निजी डॉक्टरों के हाथों उनके परिजन लुट रहे हैं। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि बाल रोग विशेषज्ञ न होने की जानकारी एडी हेल्थ और स्वास्थ्य निदेशालय को दी जा चुकी है, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। बाल रोग विशेषज्ञ के दोनों पद रिक्त हैं। इससे परेशानी हो रही है।

## दो माह बाद जन औषधि केंद्र पर दवाएं मिलनी शुरू

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में दो माह पूर्व प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोला गया था, लेकिन औषधि केंद्र पर दवाएं नहीं थी। इससे मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा था। सोमावर से जन औषधि केंद्र पर दवाएं मिलनी शुरू हो गई हैं।

सोमवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर दवाएं उपलब्ध करा दी गई। जैसे ही जन औषधि केंद्र की विंडो खोली गई दवा खरीदने वाले मरीजों की लाइन लगनी शुरू हो गई। इस काउंटर से कुछ दवाएं 50 प्रतिशत कम दामों पर मिल रही हैं, जबकि कुछ दवाओं पर 20 से 30 प्रतिशत कम दामों में मिल रही हैं। जन औषधि केंद्र खुल जाने से मरीजों को महंगी दवाओं से राहत मिली है। मरीजों ने कहा कि बाजार से दवाएं लेने में अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं लेकिन यहां पर आधी कीमत पर दवाएं मिलती हैं।


जन औषधि केंद्र से दवाएं खरीदते लोग।

# फटकार लगने के बाद भी समय से नहीं पहुंचते डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कादरचौक पीएचसी पर प्रमुख सचिव ने लगाई थी फटकार

**अमृत विचार :** कादरचौक क्षेत्र की जनता को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ न मिलने से परेशानी हो रही है। प्रमुख सचिव की फटकार के बाद भी चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों के रवैये में कोई सुधार नहीं आया है। इस कारण मरीजों को काफी-काफी देकर तक इंतजार करना पड़ रहा है।

कादरचौक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र की करीब दो लाख से अधिक की आबादी को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने की जिम्मेदारी है। शासन की ओर से सीएचसी पर हर तरह की सुविधा दी गई है। महिलाओं के प्रसव कराने को पर्याप्त संसाधन व डॉक्टर दिए गए हैं। इसके बाद भी कस्बा और क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। दो दिन पूर्व शासन के दूत ने यहां का दौरा किया था। उस समय सीएचसी पर गंदगी सहित तमाम कमियां मिलने पर फटकार लगाई गई थी। मरीजों को समय से दवाएं देने के निर्देश दिए गए थे। प्रमुख सचिव ने मरीजों से भी बात की। इस पर बताया गया कि कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। प्रमुख सचिव के निरीक्षण के बाद भी यहां के हालात नहीं बदले हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर डॉक्टर समय से नहीं बैठते हैं। जबकि बीमार लोग सुबह ही सीएचसी पर पहुंच जाते हैं। काफी देर तक इंतजार करने के बाद उन्हें दवाएं मिल पाती हैं। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया है। जगह जगह गंदगी फैली रहती है। सफाई कर्मचारी की मनमानी के चलते गंदगी बनी रहती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अवधेश कुमार राठौर एमओआईसी हैं। एमओआईसी पर आरोप है कि वह समय पर नहीं पहुंचते हैं। देर से आने के बाद जल्दी निकल जाते हैं जबकि सीएमओ के निर्देश हैं कि एमओआईसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रात्रि को रहना होगा जिससे रात्रि को आने वाले गंभीर मरीजों का उपचार किया जा सके। रात को आने वाले मरीजों को अक्सर जिला अस्पताल को रेफर कर दिया जाता है जिससे उन्हें परेशानी होती है।

> सभी एमओआईसी को निर्देशित किया गया है कि वह रात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही रहेंगे। स्वास्थ्य केंद्र छोड़ने से पहले सूचित करेंगे। यदि कोई एमओआईसी बिना बताए गायब रहता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। - डॉ. रामेश्वर मिश्रा, सीएमओ

# आज स्कूल भेजने शुरू हो जाएंगे अंकपत्र, छह से बंटेंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में पहुंचे अंक पत्र के लिफाफे

**अमृत विचार:** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को जल्द ही अंकपत्र मिलेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद से अंकपत्र जिला विद्यालय विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में आ गए हैं। मंगलवार से अंकप के लिफाफे स्कूलों में वितरण किए जाएंगे। छह जून से अंकपत्र विद्यार्थियों में बांटे जाने शुरू हो जाएंगे।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 24 अप्रैल को जारी किया गया था। इसमें हाईस्कूल के 89.94 और इंटरमीडिएट में 79.89 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। जिले के 22 बच्चों ने 10 टेन की सूची में स्थान बनाया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद ही विद्यार्थियों को अंकपत्र मिलने का इंतजार था। अंक पत्र न आने की वजह से बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश लेने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा था। अब विद्यार्थियों की इंतजार किए जाने वाली घड़ियां समाप्त हो चुकी हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भेज दिए गए हैं। भेजे गए अंकपत्र के लिफाफों का वितरण मंगलवार से स्कूलों को किया जाना शुरू हो जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त व वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया गया है कि वह कार्यालय से अंकपत्र प्राप्त कर लें। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र भेजने के साथ ही कक्षा नौ और 11 की नामावलियां भी भेजी गई हैं। यह नामावलियां शैक्षिक सत्र 2024-25 कक्षा नौ और 11 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की हैं। इन्हीं बच्चों को इस शैक्षिक सत्र 2025-26 में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की प्रमोट किया गया है।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# श्रीराम सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी बच्चों को किया सम्मानित


छात्रा को सम्मानित करते समाजसेवी अशोक खुराना और डॉ. ममता नौगरैया।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आईपीएस केवल खुराना की स्मृति में रखा सम्मान समारोह

**अमृत विचार :** आईपीएस केवल खुराना की स्मृति में उत्तर प्रदेश हिंदी प्रचार समिति की ओर से श्रीराम सरस्वती विद्या मंदिर के हॉल में मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि एसपी सिटी बिजेंद्र द्विवेदी ने मेधावियों से कहा कि वह इसी प्रकार निरंतरता बनाए रखें और उच्च पदों पर आसीन होकर माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी व साहित्यकार अशोक खुराना ने कहा कि बच्चों के माता-पिता ने बच्चों की शैक्षिक योग्यता को प्रोत्साहित करते हुए भौतिक संसाधनों को भी उपलब्ध कराया। भले ही उनको अपने जरूरी खर्चों में भी कटौती करनी पड़ी हो। डॉ. ममता नौगरैया ने कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य सिर्फ निजी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। विशिष्ट अतिथि अस्पताल के निदेशक डॉ. वीरेश कुमार सिंह, पवन शंखधार, प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद गंगवार, समिति अध्यक्ष काशी नाथ वर्मा, बादाम सिंह, रिजवान अख्तर, हिमांशु मिश्रा, अशोक दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

# सहज राजयोग अभ्यास से होगी विश्व शांति की स्थापना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सद्भावना भवन स्थित सेवा केंद्र का 31वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

उत्तर प्रदेश पश्चिम की जोन प्रभारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में सहज राजयोग के अभ्यास को बढ़ाने की आवश्यकता है। जिससे संपूर्ण विश्व में सुख ,शांति की स्थापना हो सके। विशिष्ट अतिथि राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त ने कहा कि जीवन यात्रा में चिंतन का ठहराव जरूरी है। दैनिक जीवन की व्यस्तता में मनुष्य को कम से कम 5 से 10 मिनट चिंतन अवश्य करना चाहिए कि हम उन्नति के लिए क्या कर रहे हैं। यही चिंतन व्यक्ति को संसार के अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ बनाता है। सेवा केंद्र प्रभारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके करुणा ने कहा अब तक कुल 12 सेवा केंद्र और 50 से अधिक गीता पाठशालाएं तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर खोले जा चुके हैं। धर्मवीर, बीके हिमांशु, बीके मुन्नालाल झा, दीनदयाल, माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिला अध्यक्ष मुन्नालाल शाक्य, बीके किरण दीदी, बीके ऊषा, बीके अरुणा आदि उपस्थित रहीं।


जानकारी देते राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता।

## सार -संक्षेप

### सेवानिवृत्ति पर पंप चालक को 10.77 लाख का भुगतान



**बदायूं, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के सभागार में सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित किया। सेवानिवृत्त हुए पंप चालक अवनीश कुमार शर्मा को 10 लाख 77 हजार 321 रुपये का भुगतान किया गया। वह 41 साल की सरकारी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने फूलमाला और शॉल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, नवैद इकबाल गनी, सूर्य प्रकाश सक्सेना, रजनेश चंद्र, शरीफ अहमद, लवी, राजेंद्र सिंह, विनोद सोनकर, सुमित सिंह आदि मौजूद रहे।

### बकरीद त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील



**कुंवरगांव, अमृत विचार :** नवागत थाना प्रभारी वेदपाल सिंह ने रविवार को कुंवर गांव थाने का चार्ज संभाला। चार्ज लेने के बाद ही उन्होंने सोमवार को क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। थाना प्रभारी ने कहा कि आगामी त्योहार बकरीद सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। पशुओं की कुर्बानी करने के बाद उनके अवशेष एक जगह गढ्ढे में नष्ट कर दें। उन्हें इधर उधर फेंक कर माहौल खराब न किया जाए। कहीं प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं की जाएगी। ऐसा करने वालों व क्षेत्र का माहौल खराब करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय ने कहा कि गांवों में प्रधानी चुनाव का समय नजदीक है। जिसको लेकर गांव में कोई भी गुटबंदी न करें शांतिपूर्वक चुनाव लड़े। इस मौके पर एसआई रामेश्वर सिंह, एसएसआई योगराज सिंह, थाना स्टाफ व नगर चेयरमैन पति अरविंद कुमार, अनिल कुमार सिंह, राम शर्मा, लवि शर्मा, एवं क्षेत्र के प्रधान मौजूद रहे।

### वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों ने किया जागरूक



**बदायूं, अमृत विचार :** कृषि विभाग जिले में विकसित खेती संकल्प अभियान चला रहा है। दातागंज ब्लॉक के नौ गांवों में कैंप लगाए गए। गांव कुनिया रायपुर, रयपुरा, धनीपटटी, सैजनी, किशनी मेहरा, काजी खेड़ा, नगरिया खनू, केशोपुर कलां एवं शाहजहांपुर में कैंप लगाया गया। आईवीआरआई के वैज्ञानिक और संयुक्त कृषि निदेशक ने किसानों को उन्नत खेती और योजनाओं के विषय में जानकारी दी। खेती संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक पंकज कुमार मेघवाल, आईवीआरआई के वैज्ञानिक रंजित सिंह, वीर सिंह, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने विद्यार्थियों में बांटे टैबलेट



**बदायूं, अमृत विचार :** नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास पीजी कॉलेज में रविवार को टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने विद्यार्थियों में टैबलेट बांटे। टैबलेट मिलने के बाद विद्यार्थी खुश नजर आए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि टैबलेट का उपयोग विद्यार्थी पढ़ाई के लिए उपयोग करें। कार्यक्रम में अन्य विद्यार्थियों के साथ शोधार्थी भी शामिल रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ प्राचार्य प्रोफेसर आशीष कुमार सक्सेना ने लाभार्थियों को टैबलेट प्रदान किया। इस मौके पर अमित कुमार मिश्र, डॉ. बैकुंठ नाथ शुक्ल, डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, रवि भूषण पाठक, डॉ. सत्यम मिश्रा, अर्चना आदि उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे मिले घायल की इलाज के दौरान जान गई

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी क्षेत्र में बिसौली मार्ग पर ईंट भट्ठा किनारे घायल मिले बुजुर्ग ने इलाज के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग को भर्ती कराया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

रविवार को ईंट भट्ठे के पास बुजुर्ग घायल अवस्था में मिला था। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। बुजुर्ग की पहचान गांव जरसैनी निवासी बृजपाल के रूप में हुई। घायल को बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल और यहां से राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। यहां सोमवार सुबह बृजुर्ग ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि वह 19 मई से लापता थे। गांव निवासी युवक उन्हें घर से बुलाकर ले गया था। इसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चला था। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

# जांच शुरू, कंपनी के एजेंटों से होगी पूछताछ

## खाता धारकों के करोड़ों रुपये नहीं दे रही अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी, कार्यालय पर लटका ताला

- कंपनी के निदेशक समेत कई के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर
- जांच के लिए पुलिस की विशेष टीम का किया गठन खाता धारकों के बयान किए जाएंगे दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी ने खाता धारकों के करोड़ों रुपये नहीं दिए हैं। अब कार्यालय पर ताला लग गया है। खाता धारकों ने कंपनी कार्यालय और बरेली जाकर कंपनी के मालिक के घर भी हंगामा किया था। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने एसपी सिटी से जांच कराई तो प्रथम दृष्टया शिकायत सही मिली। कंपनी के मालिकों समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। कंपनी के एजेंटों से पूछताछ की जाएगी। वहीं अन्य खाता धारकों की शिकायतों के बाद बयान दर्ज होंगे।

शहर में कई साल से मीरा सराय मार्ग पर अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड कंपनी का कार्यालय चल रहा था। यहां कई लोगों के खाते खोले गए। कारोबार बढ़ाने को कंपनी



मीरा सराय मार्ग पर अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी का कार्यालय।

के मालिक ने एजेंट रखे थे, जो खाता धारकों के पास जाकर रुपये लाते थे और कार्यालय में खाता धारकों के खाते में रुपये जमा किए जाते। तकरीबन छह महीने से कंपनी के कर्मचारियों का रवैया बदल गया। खाता धारकों से रुपये तो लिए, लेकिन मैच्योरिटी के बाद भुगतान नहीं किया। फरवरी में खाता धारकों के हंगामे के बाद मई में भुगतान का आश्वासन मिला। टोकन भी दिए गए थे, लेकिन भुगतान में टालमटोल की जाती रही। अब कंपनी का कार्यालय बंद कर दिया गया है। लोग परेशान हैं। उन्होंने एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह से शिकायत की। एसएसपी ने एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी से जांच कराई। प्रथम दृष्टया आरोप सही मिले। जिसके बाद शहर निवासी असद खान की तहरीर पर कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य, उसके भाई सूर्यकांत मौर्य, मैनेजर अमित सिंह, एजेंट सुनील आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। एसपी सिटी, सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय, सदर कोतवाल प्रवीण सिंह मामले की जांच करेंगे। पुलिस सबसे पहले कंपनी के एजेंटों की तलाश कर रही है। उनसे पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा अन्य शिकायतें भी मांगी जा रही हैं। इससे पता चल सके कि कंपनी में कितने लोगों के खाते थे और उन्होंने कितने रुपये जमा किए थे।

### किसी ने बेटी की शादी तो किसी ने पढ़ाई को जमा किए रुपये

कंपनी में मजदूर, व्यापारियों से लेकर अधिवक्ताओं ने भी रुपये जमा किए थे। किसी ने अपनी बेटी की शादी के लिए धीरे-धीरे रुपये जमा करने तो किसी ने बच्चों की पढ़ाई के लिए पाई-पाई जोड़ने का सोचा था कि निर्धारित समय पर इकट्ठी धनराशि मिलेगी जो उनके बहुत काम आएगी। कंपनी में रुपये जमा करने वाले नवादा स्थित होटल के संचालक ने बताया कि उन्होंने अपना व्यापार बढ़ाने के लिए रुपये जमा किए थे। कंपनी को साढ़े सात लाख रुपये का भुगतान करना था। वहीं मोहल्ला नेकपुर निवासी सुनील ने बताया कि कंपनी पर उनके साढ़े 14 हजार रुपये थे। इंद्राचौक से एसके कॉलेज मार्ग पर ठेला लगाने वाले युवक का सवा लाख रुपये था। इसी तरह अन्य सैकड़ों लोगों के रुपये कंपनी पर थे। लोगों को चिंता है कि कंपनी का मालिक बरेली से भाग गया है। अब उनके रुपये कौन दिलाएगा।

### मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कंपनियों पर कार्रवाई की मांग

**बदायूं, अमृत विचार :** जन दृष्टि संस्था (व्यवस्था सुधार मिशन) के अध्यक्ष व संस्थापक अधिवक्ता हरि प्रताप सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा है। उन्होंने लोगों की मेहनत की कमाई पर डाका डालने वाले फाइनेंस कंपनी संचालकों की संपत्तियों को जब्त करके बुलडोजर चलवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी से पहले जिले में कल्पवट और कल्पतरू फाइनेंस कंपनियां लोगो के रुपये हड़प चुकी हैं। कंपनी के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट दर्ज होने तक सीमित रह गई। लोगों के रुपये वापस नहीं मिल पाते। ऐसी कंपनियों की संपत्तियों पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। उनकी संपत्ति पर बुलडोजर चलवाया जाए।

## मेंथा फैक्ट्री में लापता मुनेंद्र के घर पहुंचे पूर्व एमएलसी


लापता मुनेंद्र के परिजनों से बात करते पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परिवार वालों को दी 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद, न्याय का दिलाया भरोसा

**अमृत विचार :** उझानी की मेंथा फैक्ट्री में अग्निकांड में लापता हुए फैक्ट्री कर्मचारी के घर पर पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से बात कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। पूर्व एमएलसी ने पीड़ित परिवार को 50 हजार की आर्थिक सहायता भी दी।

21 मई को उझानी स्थित मेंथा फैक्ट्री में अचानक आग लग गई थी। आग लगने से पूरी फैक्ट्री जलकर राख हो गई थी। फैक्ट्री में कार्य करने वाले कर्मचारी किसी तरह निकलकर बाहर आ गए, लेकिन ग्राम बिचोला निवासी मुनेंद्र फैक्ट्री से बाहर नहीं निकल सका। करीब 12 दिन तक मुनेंद्र की तलाश की गई। लेकिन वह नहीं मिला। इससे उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव सोमवार को मुनेंद्र के गांव बिचोला पहुंचे। वह मुनेंद्र के परिजनों से मिले। उन्हें ढांढस बंधाया। कहा कि हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को फोन किया और मुनेंद्र को जल्द तलाश करने को कहा जितेंद्र यादव ने मुनेंद्र की पत्नी रेखा देवी को 50 हजार की आर्थिक सहायता राशि दी। ग्रामीणों ने बताया कि जिला प्रशासन मुनेंद्र को तलाश करने में लापरवाही बरत रहा है।

## रामजीत का नगला में खाना बनाते समय झुलसी महिला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान जान गई

**अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव रामजीत का नगला निवासी प्रीतम की पत्नी गुड्डी रविवार सुबह लगभग आठ बजे घर पर खाना बना रही थीं। गैस लीक होने की वजह से आग लगी और गुड्डी झुलस गई थी। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां महिला के पति प्रीतम ने बताया कि उनकी ससुराल गांव गुधनी में है। ससुरालीजनों ने मक्का निकालने वाली मशीन खरीदी थी। इसके चलते वह शनिवार को ससुराल गए थे। रात को वहीं रुक गए। घर पर उनकी पत्नी आग से झुलस गई थीं। वहीं ग्रामीणों के अनुसार महिला ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली थी। आग की लपटों के साथ वह घर के बाहर निकल आई थीं। मोहल्ले के लोगों ने जैसे-तैसे काबू पाया लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थीं और इलाज के दौरान मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। किसी की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

## दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की दोपहर खेत में मां के साथ मिर्च तोड़ने गई एक किशोरी को दबोच कर उसके साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया था। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा।

शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे एक महिला और उसकी 13 साल की बेटी गांव के श्यामलाल के खेत में मिर्च तोड़ने गई थी। दोपहर में महिला घर आ गई। तकरीबन एक घंटे के बाद वह खेत पर पहुंची तो उसकी बेटी ने बताया कि वह शौच को गई थी। गांव निवासी कृष्णपाल आया और उसकी खींचकर मक्का के खेत में ले गया। उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पकड़े जाने के डर से आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को सतेती चौराहे के पास से गिरफ्तार करके जेल भेजा।

## जहां लापता मजदूर के दबे होने की आशंका, वहां लग रहा अधिक समय

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** मैंथा फैक्ट्री में अग्निकांड हुए 12 दिन बीत चुके हैं। अग्निकांड के बाद से फैक्ट्री में काम करने वाला मजदूर मुनेंद्र लापता है। उसे अभी तक तलाश नहीं जा सका है। परिजन उसकी आग में जलकर मौत होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन इस बात का प्रशासन और फैक्ट्री संचालक स्वीकार नहीं कर रहे हैं। हालांकि वहां पर मलबा हटाने का काम जारी है। इस जगह मुनेंद्र के दबे होने की संभावना जताई जा रही है उस स्थान का मलबा हटाने में अभी सप्ताह भर का समय लगेगा।

मुनेंद्र को खोजने के लिए उसके परिजन रोजाना फैक्ट्री पहुंच रहे हैं। दिन भर वह फैक्ट्री


फैक्ट्री में लोहे को गैस कटर से काट कर अलग करते मजदूर।

- मेंथा फैक्ट्री में आग लगने के बाद से लापता है मुनेंद्र

में मुनेंद्र के शव की खोजबीन कर शाम को घर लौट जा रहे हैं। फैक्ट्री में मलबा हटाने काम तेजी से चल रहा है। कासगंज के लोगों को मलबा हटाने का कार्य दिया गया है। उन्हें एक माह में मलबा हटाना है। मलबा हटाने वाले मजदूरों का कहना है कि मुनेंद्र के परिजनों ने जिस स्थान पर उसके शव को दबे होने का दावा किया है। उस स्थान पर भारी मात्रा में कबाड़ हैं। उसी स्थान का मलबा हटाया जा रहा है। इसे हटाने में अभी एक सप्ताह का समय और लगेगा।

## एसपी सिटी ने जानी दशहरा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


बैठक करते एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी।

**अमृत विचार :** आगामी ज्येष्ठ दशहरा पर्व के दृष्टिगत एसपी सिटी बिजेंद्र द्विवेदी ने कछला चौकी पर स्थानीय नागरिक, गोताखोर, नाविक, पुजारी और अधिकारी व कर्मचारियों के साथ बैठक की। कर्मचारियों से बैरीकेटिंग लगाने को लेकर बात की। गंगा स्नान के चलते नामित किए गए मजिस्ट्रेट, नगर पंचायत अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी से गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार, उझानी के प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक, कछला चौकी इंचार्ज कपिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
- लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
- O.T. टेक्नीशियन
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
- नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
- आयुर्वेद परिचारिका
- मेट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
- वार्ड ब्वॉय/वार्ड आया
- कैंटीन कुक

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।
मो. 8077808309, 9837357497

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## पुरानी रंजिश में कोठरी में लगाई आग

**बदायूं, अमृत विचार :** जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर निवासी उर्वेश पुत्र नत्थू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव में गाटा संख्या 151 पर उनकी 0.4300 हेक्टेयर जमीन है। गांव के चार भाई जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने उर्वेश के घर की नींव उखाड़ दी और ईटें अपने साथ ले गए। विरोध करने पर उन्होंने गाली-गलौज की और झगड़ा करने पर आमादा हो गए। धमकाया कि अगर कहीं शिकायत की तो अंजाम बहुत बुरा होगा। एक जून की रात उन लोगों ने भूसे रखे तीन कोठरी में आग लगा दी। जिससे वहां रखा भूसा, उपले और सोलर पैनल जलकर राख हो गए। घटना में पड़ोसी भूदेव पुत्र गंगोली का भूसा और उपले जल गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गंगा दशहरा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कछला गंगा घाट पर हो रहे हादसों को लेकर की जाएगी विशेष निगरानी
- 5 जून को मनाया जाएगा गंगा दशहरा का पर्व, स्नान को पहुंचेंगे दूर दराज से हजारों श्रद्धालु

**अमृत विचार :** 5 जून को मनाए जाने वाले गंगा दशहरा पर्व को लेकर पुलिस और प्रशासन अभी से अलर्ट हो गया है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को गंगा घाटों पर व्यवस्थाएं करने के आदेश दिए हैं। कछला गंगा घाट पर विशेष निगरानी और इंतजाम करने को कहा है। गोताखोरों की उपस्थित रहने सहित खतरे वाले प्वाइंट पर घेराबंदी करने के आदेश दिए हैं। इससे घाट पर आने वाले लोग सुरक्षित स्नान कर सकें।

गंगा दशहरा पर्व ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। गंगा दशहरा पर कछला गंगा घाट सहित अन्य घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु स्नान करेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए गंगा घाटों पर व्यवस्थाएं करने के आदेश डीएम अवनीश कुमार राय ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कछला स्थित गंगा घाट पर आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रूट डायवर्जन व पार्किंग बनाने को कहा गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल, फ्लड पीएसी व स्थानीय गोताखोरों की ड्यूटियां लगाई जाएगी। साथ ही व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की भी ड्यूटी गंगा घाटों पर लगाई जाएगी।

### खतरे वाले प्वाइंट पर कराई जाएगी बैरिकेडिंग

कछला गंगा घाट पर अप्रैल और मई में कई बड़े हादसे हुए हैं। पिछले दिनों भरतपुर पांच लोग गंगा स्नान करने के दौरान बह गए थे। इसमें तीन की मृत्यु हो गई। उसके दो दिन बाद फिर से राजस्थान निवासी किशोरों की गंगा में डूब की मौत हो गई। इन हादसों को देखते हुए कछला गंगा घाट पर गंगा दशहरा पर्व पर विशेष इंतजाम करने के आदेश डीएम ने दिए हैं। साथ ही खतरे वाले प्वाइंट पर बेरिकेटिंग करने को गया है। इससे घाट पर पहुंचने वाले लोग सुरक्षित स्नान कर सकें।

> गंगा दशहरा पर्व 5 जून को मनाया जाएगा। गंगा घाट पर हजारों श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गंगा घाट पर गोताखोरों की ड्यूटी लगाई जाएगी। साथ ही फ्लड पीएसी व पुलिस बल तैनात रहेगा।
> – **अरुण कुमार**, एडीएम प्रशासन

## दुष्कर्म करने के दोषी को 10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 40 हजार रुपये का लगाया जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी धनराशि

**अमृत विचार :** नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने दोषी मानते हुए 10 साल के कारावास और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि क्षतिपूर्ति के लिए पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने कोतवाली बिल्सी पुलिस को 23 जनवरी 2019 को तहरीर दी थी। बताया कि उनकी नाबालिग बेटी कक्षा 11 की छात्रा है। 16 जनवरी को वह पढ़ने के लिए स्कूल गई थी। गांव से निकलते ही सुखवीर और उसके चाचा राम आसरे उनकी बेटी को बहला फुसलाकर ले गए। घर वापस न आने पर परिजनों ने छात्रा की तलाश की। 18 जनवरी को छात्रा बिल्सी की गल्ला मंडी के पास मिली। उसने बताया कि वह स्कूल जा रही थी। इसी दौरान सुखवीर और उसके चाचा राम आसरे मिले। जबरदस्ती उसे कार में डालकर ले गए। सुखवीर उसे अपनी मौसी के घर नगरिया ले गया। एक कमरे में बंद करके सुखवीर ने उसके साथ गलत काम किया। न्यायालय में सुखवीर के खिलाफ नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद सुखवीर को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## भाकियू टिकैत ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा


प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मेंथा फैक्ट्री के मिल प्रबंधन तंत्र की जांच कराने की मांग

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना व मंडल उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि मेंथा फैक्ट्री के मिल प्रबंधन तंत्र की जांच नहीं हो रही है कि बस्ती के बीच में आखिर फैक्ट्री किस नियम के तहत लगाई गई। फैक्ट्री कर्मचारी लापता है। उसकी तलाश जिस तरह की जा रही है उससे लगता है कि प्रशासन मुनेंद्र के प्रति लापरवाह है। आग लगने के बाद से गांव कुड़ा नरसिंहपुर का पेयजल दूषित हो गया है। इसको लेकर भी आंदोलन कर चुके हैं। उन्होंने कहा 4 जून को आपातकालीन बैठक बुलाई गई है। इसमें आंदोलन की घोषणा की जाएगी। भीमसेन राजपूत, शिशुपाल सिंह, अशोक सिंह यादव, राम लखन यादव एडवोकेट भूरे मौर्य, पप्पू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्रों सोनू व दिनेश को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई वास्ता नहीं होगा **लाखन पुत्र मोतीराम निवासी गुलड़िया धिमर पर. व तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नम्बर 6104437 जारी दिनांक 26.11.2012 में पिता का नाम त्रुटिवश नन्हें खां दर्ज हो गया है जबकि उनका सही नाम हाकिम अली है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरे पिता का नाम हाकिम अली ही दर्ज है। **मो. आरिफ पुत्र श्री हाशिम अली निवासी 141 पिपरिया रामदयाल तुलसीपुर थाना भोजीपुरा तहसील व जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र धीरज कुमार व अन्नू कुमार व पूजा पत्नी शिवम राना व आरती पुत्री नरेश कुमार के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नरेश कुमार पुत्र जंगबहादुर निवासी 112 आजादनगर, कालोनी कटरा चाँद खां पुराना शहर, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. कैफ पुत्र स्व. शाहिद व उसकी पत्नी मंतशा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **शबीना पत्नी स्व. शाहिद निवासी 72 चमेली बगिया लीची बाग किला जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व के पासपोर्ट में मेरा नाम अमृत पाल सिंह अंकित था लेकिन अब मैंने अपना नाम अमृत सिंह कर लिया है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम दर्ज है। भविष्य में मुझे अमृत सिंह के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **अमृत सिंह पुत्र झरमन सिंह निवासी मोहल्ला अशरफ खां थाना कोतवाली तहसील व जिला पीलीभीत।**

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## शहर में आज

- विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के द्वारा कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल थाना सोरों पर निजीकरण किये जाने के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे।
- ग्रीष्मकालीन लोक संगीत कार्यक्रम का आयोजन पटेल स्कूल परिसर इस्माईलपुर में किया जाएगा, सुबह 10 बजे।
- समाजवादी पार्टी के द्वारा ग्राम पीतम नगर हरौड़ा सिकन्दरपुर वैश्य में पीडीए चौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा, शाम 4 बजे
- अमांपुर के ग्राम नगला नैनसुख में भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, शाम 3 बजे

## युवक का मिला शव

**कासगंज, अमृत विचार :** सिढ़पुरा के गांव नौरी निवासी 32 वर्षीय अंकित पुत्र खचेर रविवार की दोपहर नहर में नहाने के लिए साथियों के साथ गया हुआ था। वह नहाते समय नहर में डूब गया। सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने उसकी नहर में तलाश की। उसका शव रविवार की देर शाम रमपुरा नहर में मिल गया।

# गैस सिलेंडर में लगी आग मां-बेटे की मौत, एक झुलसा

### सोरोंजी गेट स्थित नवाब मोहल्ला गली खाई वाली का मामला

संवाददाता कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के एक मकान में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। हादसे में मां बेटे सहित तीन लोग झुलस गए। इसमें मां ने दिल्ली ले जाते समय दम तोड़ दिया, जबकि बेटे की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं हादसे में झुलसे बालक का दिल्ली अस्पताल में उपचार चल रहा है।

सोरोंजी गेट स्थित नवाब मोहल्ला गली खाई वाली में हुस्नबानो (45 वर्ष), पत्नी फारूक घर में रविवार को खाना बना रही थीं। इस दौरान सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आकर हुस्नबानो, उनका बेटा साहिल (16 वर्ष) और भतीजा हमजा (10 वर्ष) गंभीर रूप से झुलस गए। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय निवासियों की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया। 50 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटनास्थल पर सदर क्षेत्राधिकारी आंचल चौहान एवं थाना पुलिस ने पहुंचकर निरीक्षण किया और जिला अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना। जब परिजन हुस्नबानों को दिल्ली ले जा रहे थे तब उसने मार्ग में गभना के नजदीक रविवार की रात्रि दम तोड़ दिया। उसके बेटा साहिल और भतीजा हमजा को दिल्ली में एम्स अस्पताल में भर्ती कराया। उसने सोमवार की सुबह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बालक हमजा का दिल्ली अस्पताल में उपचार चल रहा है।


आग लगने की घटना पर टीम के साथ पहुंचीं सीओ सदर आंचल चौहान।


मृतक हुस्नबानों।


मृतक साहिल।


आग लगने से जला सामान।

## झूठा मुकदमा वापस लेने की मांग, वरना होगी भूख हड़ताल


**बदायूं, अमृत विचार :** करणी सेना संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र सीओ बिसौली को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि राजनैतिक दवाब में कोतवाली बिसौली और थाना वजीरगंज में क्षत्रिय और सवर्ण समाज के लोगों पर एससी-एसटी के झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए हैं।

इन मुकदमों को खत्म किया जाए। वर्ना संगठन के पदाधिकारी पीड़ितों के साथ भूख हड़ताल करने को बाध्य होगी।

जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। सीओ ने दस दिन में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष सुमित कुमार सिंह उर्फ देवा, सुमित राघव, विजय सिंह, प्रद्युमन सिंह, जतिन ठाकुर, रंजीत ठाकुर, सूर्य प्रताप सिंह, मोहित सिंह, नरेश पाल सिंह, संजय सिंह, जगतपाल सिंह, राजेश सिंह, हेमपाल सिंह, वीरपाल सिंह, धर्मवीर सिंह तोमर, सुबोध कुमार सिंह, कल्लू सिंह, अजय पाल सिंह, ,विशाल सिंह, मंगली सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर की आत्महत्या


मृतक के परिजन पोस्टमार्टम गृह पर मौजूद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पत्नी के मायके से नहीं आने से परेशान था जितेंद्र
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा क्षेत्र के ग्राम रामखितौनी के एक युवक ने रविवार की रात्रि ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वह पत्नी के मायके से न आने से तनाव में था।


मृतक जितेंद्र।

गांव रामखितौनी निवासी 25 वर्षीय जितेंद्र पुत्र लज्जाराम रविवार की शाम घर से निकल गया। वह रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया और उसने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके पिता लज्जाराम ने बताया कि उसकी पत्नी 20 दिनों से मायके गई हुई थी। वह वापस आने के लिए कह रहा था। उसके वापस न आने से वह क्षुब्द था। शादी लगभग दो वर्ष पूर्व बदायूं क्षेत्र से हुई थी। उसकी मौत से आठ माह की बेटी किंजल के सिर से पिता का साया उठ गया है। उसके परिजनों में उसकी मौत से कोहराम मचा हुआ है।

## संदिग्ध हालात में महिला का घर में पड़ा मिला शव

**पुवायां, अमृत विचार:** संदिग्ध हालात में घर में एक महिला का शव पड़ा मिला।

क्षेत्र के गांव मुड़िया वैश्य निवासी राहुल की शादी आठ वर्ष पूर्व लखीमपुर-खीरी जिले के थाना क्षेत्र पसिगवां के गांव गौहनियां आलम निवासी ओमप्रकाश की पुत्री कमला उर्फ मीनाक्षी देवी से हुई थी। शादी में बाइक समेत सामान देने के बाद सोने की चैन की मांग कर रहे थे। शादी के बाद तीन वर्ष से महिला टीवी की बीमारी से पीड़ित होने के बाद सीएचसी से इलाज चल रहा था। सोमवार को कमला उर्फ मीनाक्षी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। पति राहुल सीएचसी पर दवा लेने गया था, घर पहुंचने पर कमरे में पत्नी फंदे पर लटकी हुई थी। मायके पक्ष के ओमप्रकाश उनकी पत्नी लौगश्री आदि ने सोने की चैन न देने पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। मृतका के दो पुत्र हैं। सूचना पर फारेसिक व अपराध निरीक्षक राकेश सिंह भी मौके पर पहुंच गए पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# तीन युवतियों ने दूल्हे को प्रेमी बताकर किया हंगामा

संवाददाता, विजय नगला

- दुल्हन लेकर घर पहुंचा था युवक ऑटो से पहुंची थी युवतियां
- पुलिस ने युवतियों को हिरासत में लिया, थाने ले जाकर छोड़ा

**अमृत विचार :** एक युवक शादी के बाद दुल्हन लेकर घर पहुंचा। दुल्हन के स्वागत की तैयारी चल रही थी इसी दौरान तीन युवतियां ऑटो से पहुंचीं। युवक को अपना प्रेमी बताते हुए हंगामा करने लगी। सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और युवतियों को थाने ले आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला बिनावर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी युवक की शादी बरेली के एक गांव निवासी युवती के साथ हुई थी। रविवार को बरात बरेली गई थी और सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे दुल्हन को लेकर बरात वापस आ गई। यहां परिजन और रिश्तेदार दुल्हन के स्वागत के लिए दरवाजे पर खड़े थे। दुल्हन देखने के लिए मोहल्ले की महिलाओं और बच्चों की भीड़ थी। इसी दौरान बदायूं के एक गांव निवासी तीन युवतियां ऑटो से पहुंच गईं। दुल्हे को अपना प्रेमी बताते हुए हंगामा करने लगी। धोखा देने की बात कहकर चिल्लाने लगीं। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। कुछ समय के बाद महिला पुलिस ने तीनों युवतियों को पकड़ा और अपने साथ थाने ले गईं। उनके पीछे ग्रामीण भी थाने पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस ने बिना किसी कार्रवाई के तीनों युवतियों को छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि एक युवक की बरात लौटकर आई थी। दुल्हन के स्वागत के दौरान तीन युवतियों ने हंगामा किया था। सूचना पर पुलिस पहुंची थी, लेकिन तब तक युवतियां चली गई थी।

## तरसी मोड़ के पास बाइक से गिरकर महिला की मौत

**गंजडुंडवारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के तरसी मोड़ के पास हादसा हो गया। अचानक आए ब्रेकर के कारण बाइक असंतुलित हो गई और महिला सड़क पर गिर पड़ी। गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है।

कस्बा के मोहल्ला मंसूर निवासी 40 वर्षीय ऊषा देवी पत्नी धीरज, अपने बेटे धरम के साथ रिश्तेदारी से सहसवान से लौट रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक तरसी मोड़ के पास पहुंची कि अचानक सामने आए ब्रेकर के कारण ऊषा बाइक से उछलकर गिर गईं। गिरने से उन्हें सिर में गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कादरगंज पुलिस चौकी प्रभारी धीरज सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर सुनते ही मृतका के घर में कोहराम मच गया।

# जिले के सात शिक्षकों को वृंदावन में मिला सम्मान


सम्मान प्राप्त करते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन केशव धाम वृन्दावन में किया गया था। जिसमें परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जिले सात शिक्षकों को नवाचार का प्रस्तुतीकरण करने पर सम्मानित किया गया।

सम्मान पाने वालों में उझानी विकास क्षेत्र के शिक्षक मनीष कुमार, जीवन बाबू कश्यप, कादरचौक ब्लॉक से सुधा मिश्रा, सालारपुर ब्लॉक से राजवीर तरंग, मयंक गुप्ता, आंचल गुप्ता, आसफपुर ब्लॉक से चंद्रमुखी, बिसौली ब्लॉक से याचना शुक्ला, दहगवां ब्लॉक से राजीव भटनागर को सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षकों को राष्ट्रीय महासचिव इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गनाइजेशन सीएल रोज ने प्रदान किया। कार्यक्रम में शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के पदाधिकारी मनोज कुमार भी शामिल रहे।

# ई-रिक्शा और कार की टक्कर में दो लोगों की जान गई, आठ हुए घायल, कराया भर्ती

संवाददाता, घुंघचिहाई

- बंडा-मैगलगंज हाईवे पर कसगंजा मोड़ के पास हुआ हादसा

**अमृत विचारः** बंडा-मैगलगंज हाईवे पर कार और ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। हादसे में किशोरी और ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि अन्य सवारियों को चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। हादसे के चलते मौके पर भीड़ लगी रही।

घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम बलरामपुर निवासी राजेंद्र (50) पुत्र लल्लू ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। सोमवार शाम करीब 5 बजे सवारी लेकर पूरनपुर से ग्राम सिकराना की तरफ जा रहे थे। बंडा मैगलगंज हाईवे पर घुंघचिहाई थाना क्षेत्र में कसगंजा मोड़ के पास पहुंचते ही ई-रिक्शा की कार से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ई-रिक्शा पलट गया और चीख पुकार मच गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक राजेंद्र और उसमें सवार रुरिया सलेमपुर की रहने वाली शिखा (10) पुत्री छोटेलाल की मौत हो गई, जबकि छोटेलाल के परिवार के रितिक, नन्ही देवी, कलावती, सौम्या, घुघंचिहाई निवासी कुसुम, उनकी पौत्री निष्ठा, मीरगंज बरेली निवासी रेखा देवी समेत आठ लोग घायल हो गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ लग गई। इसकी सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस आने में देरी हो गई। इस पर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से अपने वाहन से घायलों को पूरनपुर सीएचसी भिजवाया।

कार और ई-रिक्शा को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। कार सवार लोगों के बारे में जानकारी की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


हादसे के बाद पलटा ई-रिक्शा।


हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

## सुफियान ने जेईई में पाई 510वीं रैंक

**बदायूं, अमृत विचार :** मदर एथीना स्कूल के छात्र सुफियान अहमद ने जेईई की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्हें 510 वीं रैंक प्राप्त हुई है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों और परिजनों ने खुशी का इजहार किया है। सुफियान अहमद शुरू से ही होनहार मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने कक्षा-10वीं एवं 12वीं में टॉप 5 में स्थान बनाया था। सूफियान ने बिना कोचिंग के यह सफलता प्राप्त की है। उनका हमेशा से ही पढ़ाई के प्रति लगाव रहा है। उनकी इस सफलता पर परिवार एवं विद्यालय में खुशी का माहौल है।



# युवती से गन प्वाइंट पर लूटपाट, बनाया बंधक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** बेखौफ बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात बदमाशों ने एक घर में घुसकर युवती को गन प्वाइंट पर ले लिया और नकदी जेवरात लूटकर ले गए। विरोध करने पर युवती से मारपीट की गई और उसका मुंह कपड़े से बांध दिया।

घटना रविवार देर रात कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के कस्बा शेरपुरकलां के मोहल्ला ईदगाह के निवासी स्वर्गीय कयूम के घर पर रात करीब 2 बजे हुई। बताते हैं कि गर्मी के चलते उनकी पुत्री चमन छत पर बने कमरे में सो रही थी। परिवार के बाकी सदस्य नीचे वाले कमरों में थे। देर रात असलहे से लैस दो बदमाश छत के रास्ते घर में घुसे और कमरे का दरवाजा खुलवा लिया। एक बदमाश ने उसका मुंह कपड़े से बंद कर दिया और जबरन अंदर खींच लिया। चमन के अनुसार, बदमाशों ने उसके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की, जिससे वह डर के मारे चीख भी नहीं सकी। इसके बाद दोनों बदमाशों ने गन प्वाइंट पर उसे बंधक बनाकर कमरे में रखे संदूक को खंगालना शुरू कर दिया। संदूक से 24 हजार रुपये, सोने की दो चेन, अंगूठी, नाक का फूल, चांदी की पायल समेत अन्य कीमती सामान लेकर भाग गए। इसके बाद मुंह पर बंधा कपड़ा हटाकर पीड़िता ने शोर मचाकर परिवार के अन्य लोगों को जगाया। सोमवार को पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर जानकारी की।


घटना की जानकारी देती पीड़ित परिवार की महिला। ● अमृत विचार

"इस मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मौका मुआयना कर जानकारी की गई थी। कुछ सुराग मिले भी हैं। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। इसे लेकर छानबीन की जा रही है। – **सतेंद्र कुमार**, पूरनपुर कोतवाल

### चौकी पुलिस ने रात में नहीं लिया संज्ञान सुबह के लिए टाला

बताते हैं कि घटना के बाद पीड़ित परिवार वाले पुलिस चौकी गए थे। वहां पर कुछ पुलिसकर्मी मौजूद भी थे। उनसे पूरी घटना बताई गई, मगर परिवार की कही बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। आरोप है कि वहां मौजूद सिपाहियों ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि यह कहकर टाल दिया गया कि सुबह दरोगा मौके पर आएंगे। घटना की तहरीर थाने में देने की बात कह दी गई थी।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को निकाला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा मिश्र की रहने वाली आशीष देवी पुत्री सुरेश बाबू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 9 मई 2022 को जितेंद्र कुमार राठौर निवासी सिविल लाइन साउथ पीलीभीत से हुआ था।

महिला का आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति जितेंद्र, ससुर रामचरण लाल, सास भागवती, देवर चमन दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। 23 फरवरी 2023 को ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# किशोरी को घर से ले जाने के बाद दूध में पिलाया जहर

संवाददाता, बरखेड़ा

- बेसुध हालत में पहुंची थाने तो पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती
- बरखेड़ा थाने में दी गई तहरीर पुलिस मामले की जांच में जुटी

**अमृत विचारः** एक किशोरी को तीन युवक घर से बुलाकर रेलवे स्टेशन पर ले गए और फिर दूध में जहरीला पदार्थ पिलाकर जान लेने की कोशिश की गई। पुलिस ने किशोरी को अस्पताल भर्ती कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि सोमवार सुबह वह खेत पर काम करने गए हुए थे। घर पर 17 वर्षीय बहन अकेली थी। इस दौरान स्कूटी पर सवार होकर तीन युवक घर पहुंचे।

वह बहला फुसलाकर बहन को अपने साथ ले गए। बरखेड़ा रेलवे स्टेशन पर ले जाकर दूध में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद तीनों आरोपी भाग गए। बेसुध हालत में बहन थाना बरखेड़ा पहुंची और पूरी बात बताई। पुलिस बहन को सीएचसी बरखेड़ा ले गई और वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

इधर, जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रदीप कुमार बिश्नोई का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का है।

# रफ्तार बनी काल : डंपर से कुचलकर सिपाही समेत दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** वाहनों की तेज रफ्तार एक बार फिर काल बन गई। टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा के पास बाइक सवार सिपाही समेत दो लोगों की डंपर से कुचलकर जान चली गई। इसकी सूचना मिलने पर सीओ सिटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी कराई। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिए। हादसा सीसीटीवी में कैद हुआ है।

मूल रूप से जनपद बिजनौर के थाना सियोर क्षेत्र के गांव मिथेपुर के रहने वाले शिवम बालियान (30) पुलिस विभाग में सिपाही पद पर नौकरी करते थे। उनकी वर्तमान में तैनाती सुनगढ़ी थाने में चल रही थी।

ड्यूटी खत्म करने के बाद रविवार रात वह घर पुलिस लाइन स्थित आवास पर जा रहे थे। उनके साथ शहर के मोहल्ला बाग गुलशेर खां का रहने वाला उनका मित्र बॉबी चौधरी (25) पुत्र नन्हे बाबू था। टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार डंपर ने दोनों को कुचल दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। दोनों के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।


शिवम बालियान।


बॉबी चौधरी।

- सीओ सिटी ने पहुंचकर जुटाई जानकारी, शवों का कराया पोस्टमार्टम

### दोनों परिवारों में मचा कोहराम, इकलौता था बॉबी

गौहनिया चौराहा पर हुए सड़क हादसे में सिपाही शिवम बालियान और दूसरे मृतक बॉबी चौधरी की मौत की खबर उनके परिवार को दी गई। रात में ही दोनों के परिवार वाले पहुंच गए। क्षत-विक्षत हालत में शव थे, जिसे देखकर परिवार में कोहराम मचा रहा। बताते हैं कि मृतक सिपाही की पत्नी गर्भवती है। सोमवार के गमगीन माहौल में शहर के मुक्तिधाम पर बॉबी चौधरी के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं, सिपाही के शव को पुलिस लाइन में पोस्टमार्टम के बाद लाया गया। शहीद स्मारक पर अंतिम विदाई दी गई। एसपी अभिषेक अभिषेक यादव, एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला आदि ने पार्थिव शरीर को कंधा देकर वाहन तक पहुंचाया।

### रात में ही पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी

हादसे की सूचना पर सीओ की अगुवाई में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। मरने वाले दो लोगों में एक सुनगढ़ी थाने का सिपाही भी था। पुलिस की टीमें रात में ही हादसे की पड़ताल में जुट गई। टनकपुर हाईवे पर तमाम प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली गई, जिसके बाद हादसा स्थल के पास लगे कैमरे की फुटेज में ही पूरा हादसा कैद निकला। दोनों बाइक सवार आ रहे थे और डंपर गुजर रहा था। टक्कर लगने के साथ ही कुचलते हुए की भी तस्वीर सीसीटीवी में कैद मिली, जो सोशल मीडिया पर भी वायरल होती रही, जिससे हादसा चर्चा का विषय बना रहा।

## तीन युवकों को किया गिरफ्तार तलाशी में मिले अवैध तमंचे

संवाददाता, खुटार

- रविवार रात खुटार पुलिस ने गश्त के दौरान आरोपी पकड़े

**अमृत विचारः** रविवार रात खुटार पुलिस को गश्त के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल हुई। जिसमें तीन आरोपी युवको को तमंचे के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया। तीनों युवकों के पास अलग-अलग 315 बोर के तमंचे बरामद हुए। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि रविवार रात लगभग 11 बजे वह हमराहियों के साथ खुटार मैलानी रोड गश्त कर रहे थे।मैलानी रोड से जोगराजपुर जाने वाले मार्ग पर वह सीतापुर गांव के पास पहुंचे, तभी प्राथमिक विद्यालय के पास तीन संदिग्ध युवक खड़े दिखाई दिए। जिस पर पुलिस ने ढाका बेला निवासी तीनों युवकों को पकड़ कर उनकी जामा तलाशी शुरू की, जिस पर मोहित मिश्रा, सचिन कुशवाहा,अंकित तीनों के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने सोमवार को तीनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।

## बरात में रिश्तेदार को गोली मारने वाला गिरफ्तार

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** बरखेड़ा क्षेत्र के एक बरात घर में 1 मई को हुई थी। बरेली जनपद के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम खरदाह गजनेरा के निवासी राजीव कुमार फुफेरे भाई ग्राम मुड़िया न्यूरानपुर के निवासी अनिल कुमार गंगवार की लड़की अनामिका की शादी में शामिल होने के लिए गए थे। बरखेड़ा क्षेत्र के पतरसिया गांव स्थित बरात घर में अनिल कुमार ने नशे में रात करीब साढ़े 8 बजे हंगामा शुरू कर दिया। राजीव कुमार ने विरोध किया तो अनिल कुमार ने अपने पुत्र सचिन के साथ मिलकर राजीव पर हमला कर दिया। राजीव को तमंचे से गोली मार दी थी। पुलिस ने आरोपी अनिल को गिरफ्तार कर लिया।

